


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 315

ग्वालियर, गुरुवार 04 अगस्त 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.





# जानलेवा हमला करना कोई मर्दानगी नहीं कायरता है: सीएम शिंदे

### महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के समर्थक और पूर्व मंत्री उदय सामंत की कार पर हमले का मामला

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के समर्थक और पूर्व मंत्री उदय सामंत ने दावा किया है कि बीते मंगलवार की शाम को अज्ञात लोगों ने उनकी कार पर हमला कर दिया। हालांकि पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए 4 शिवसेना के कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया है। पूर्व मंत्री उदय सामंत ने बताया कि दो से तीन लोग हाथ में बेसबॉल की स्टीक व पत्थर लेकर आए और उनकी गाड़ी पर हमला कर दिया। इस दौरान उनकी गाड़ी के शीशे टूट गए। साथ ही यह भी कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है कि हमलावर मेरे पीछे या फिर सीएम शिंदे के काफिले के पीछे लगे हुए थे। पूर्व मंत्री उदय सामंत ने कहा कि मुख्यमंत्री से फोन पर बात हुई, उन्हें घटना की जानकारी दे दी है। उदय सामंत की कार पर जहां हमला हुआ, उससे कुछ देर पहले ही आदित्य ठाकरे की रैली थी। उदय सामंत ने इस हमले को प्री-प्लांड बताया है। वहीं सीएम शिंदे ने उदय सामंत पर हुए हमले को लेकर कहा कि इस तरह से



जानलेवा हमला करना कोई मर्दानगी नहीं कायरता है। कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश हो रही है तो पुलिस कड़ी कार्रवाई कर रही है। अपराध होने पर कार्रवाई करने के लिए पुलिस को बोलना नही पड़ता, जो कोई भी बयानों के जरिए माहौल बिगाड़ने की कोशिश करेगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुझे राज्य में शांति चाहिए। पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे के बेटे और पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने कहा ?कि मैंने अभी इसके बारे में मीडिया के माध्यम से सुना है। मैं लोगों से शांति की अपील करता हूं क्योंकि आने वाले चुनावों में लोग सबक सिखाएंगे। यह भीड़ में से कोई भी हो लेकिन हम शांति की अपील करेंगे। जो हम सभी चाहते हैं। वहीं भाजपा नेता प्रसाद लाड ने उदय सामंत पर हुए हमले को लेकर कहा कि उदय सामंत पर हुए हमले का हम विरोध करते हैं। यह हमला बालासाहेब ठाकरे के शिवसैनिकों ने नही, बल्कि उद्धव ठाकरे के शिवसैनिकों ने किया है। उदय सामंत को पीछे से वार करके मारने की कोशिश की गई है, जिस तरह से उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे ने पीठ में खंजर भोंका है, उसी तरह से उनके कार्यकर्ताओं ने उदय सामंत के साथ किया है।

## रेवड़ी कल्चर देश के घातक, इससे पल्ला नहीं झाड़ सकते केंद्र और चुनाव आयोग : सुप्रीम कोर्ट

### मामले की अगली सुनवाई 11 अगस्त को होगी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने देश में चुनाव से पहले रेवड़ी कल्चर को खत्म करने को लेकर सख्ती दिखाई है। शीर्ष कोर्ट ने फिर से कहा है कि ये एक गंभीर मुद्दा है। चुनाव आयोग और केंद्र सरकार इससे पल्ला झाड़कर यह नहीं कह सकते कि वे कुछ नहीं कर सकते। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मोदी सरकार और चुनाव आयोग इस पर रोक लगाने के लिए विचार करे। बता दें कि देश में चुनाव से पहले लगभग हर राजनीतिक दल जनता को अपने पाले में करने के लिए कई तरह के लोकलुभावन ऐलान करती है। खास कर हर चीज मुफ्त में बांटने का प्रचलन सा चल पड़ा है। इस आम भाषा में 'रेवड़ी कल्चर' कहा जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने फ्री बी यानी 'रेवड़ी कल्चर से निपटने के लिए विशेषज्ञ निकाय बनाने की वकालत की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इसमें केंद्र, विपक्षी राजनीतिक दल, चुनाव आयोग, नीति आयोग , आरबीआई और अन्य हितधारकों को शामिल किया जाए। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि निकाय में फ्री बी पाने वाले और इसका विरोध करने वाले भी शामिल हों। सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा ये मुद्दा सीधे देश की इकानॉमी पर असर डालता है। मामले को लेकर एक हफ्ते के भीतर इसतरह के विशेषज्ञ निकाय के लिए प्रस्ताव मांगा गया है।मामले पर 11 अगस्त को अगली सुनवाई होगी। रेवड़ी कल्चर के खिलाफ कार्रवाई की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में याचिकाकर्ता के वकील विकास सिंह ने बताया कि ये कैसे देश राज्य और जनता पर बोझ बढ़ाता है। मोदी सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि इससे वोटर की अपनी राय डगमगाती है। ऐसी प्रवृत्ति से हम आर्थिक विनाश की ओर बढ़ रहे हैं। चुनावों में मुफ्त की घोषणा वाले वादे के खिलाफ अश्विनी उपाध्याय की याचिका पर केंद्र के वकील सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा कि सैद्धांतिक तौर पर हम इस याचिका का समर्थन करते हैं।



## नेपाल में भारी वर्षा से बिहार के कई जिलों में बाढ़ नदियां उफनी, रिहाइशी इलाकों में जलभराव

**पटना।** नेपाल के तराई क्षेत्र में लगातार हुई बारिश ने बिहार में परेशानी बढ़ा दी है। गंडक, बागमती व कोसी समेत छोटी नदियां उफन रही हैं। स्थिति यह है कि गंडक नदी का जलस्तर अब भी तीन लाख क्यूसेक से नीचे नही उतरा है। वाल्मीकि नगर गंडक बराज से तीन लाख क्यूसेक पानी क्ा डिस्चार्ज गंडक नदी में हो रहा है। मंगलवार शाम से बुधवार सुबह तक करीब 12 घंटे में तीन लाख क्यूसेक का डिस्चार्ज गंडक में हुआ। नेपाल में लगातार बारिश हो रही है और इस कारण जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। नेपाल की नारायणी नदी के जलस्तर में कमी नहीं होने से परेशानी बढ़ती जा रही है। देर रात वाल्मिकी नगर गंडक बराज में जल स्तर 3।17 लाख क्यूसेक तक पहुंच गया था। उल्लेखनीय है कि बराज के सभी 36 फाटक खोल दिए गए हैं।



गंडक नदी के जलस्तर में वृद्धि के बाद बगहा के पिपरासी प्रखंड के सेमरा लबेदहा पंचायत के भैसाहिया और कांटी टोला गांव में अब पानी प्रवेश कर रहा है। गांव में पानी घुटने के बाद लोग सुरक्षित स्थानों पर जाने की तैयारी कर रहे हैं। सेमरा-लबेदहा पंचायत गंडक नदी के निचले इलाके में हैं। गंडक नदी के जलस्तर 3 लाख क्यूसेक पार करने के बाद नदी का पानी अब इन इलाकों में घुस रहा है, जिससे ग्रामीणों में दहशत पैदा हो गई है। पंचायत के स्तर से गांव में बचाव एवं राहत कार्य चलाया जा रहा है। गोपालगंज में भी गंडक नदी के जलस्तर में वृद्धि जारी है। गंडक खतरे के निशान से डेढ़ मीटर ऊपर बह रही है। तटबंध के अंदर बसे 12 गांवों में पानी घुस गया है और सदर प्रखंड के साथ ही मांझा प्रखंड के कई गांवों का सड़क संपर्क टूट गया है। गंडक नदी के तटबंधों पर दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। पतहरा छरकी तटबंध पर पानी का दबाव है। तटबंध को बचाने के लिए बनाए गए कई बेडवार डूब चुके हैं। सदर प्रखंड के मशानथाना छरकी पर भी दबाव है। ग्रामीण तटबंध पर बढ़े दबाव को रोकने की मांग कर रहे हैं। वाल्मिकी नगर बराज से पानी के लगातार छोड़े जाने के बाद गोपालगंज के आधा दर्जन गांव का सड़क संपर्क प्रखंड मुख्यालयों से टूट चुका है।

रामनगर प्लस- टू स्कूल समेत 6 प्रखंड के 12 से ज्यादा गांव में पानी फैल चुका है। सड़कों पर कमर भर पानी भरने से वाहनों का परिचालन पूरी तरह से ठप हो चुका है। लोग जान जोखिम में डालकर रोजमर्रा की सामान खरीदने के लिए बाहर निकल रहे हैं। इन इलाकों में नाव का इंतजाम नहीं होने से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। सीतामढ़ी और शिवहर जिले में भी नेपाल के तराई क्षेत्र में लगातार हो रहे बारिश से मुश्किलें बढ़ गई हैं। बागमती नदी के जलस्तर में भी लगातार वृद्धि हो रही है। इस कारण शिवहर मोतिहारी स्टेट हाईवे 54 पर बेलवा और देवापुर के बीच कच्ची सड़क पर पानी का तेज बहाव दूसरे दिन भी जारी है। शिवहर मोतिहारी स्टेट हाईवे पर पर आवागमन बंद हो गया है; वहीं नरकटिया गांव की तरफ भी पानी का तेज बहाव होने लगा है।

## धनबाद में एयरपोर्ट की मांग को लेकर सिंधिया से मिले सांसद सिंह

**धनबाद।** धनबाद में एयरपोर्ट का जिन्न फिर चिराग से बाहर निकल आया है। इस बार इस चिराग को रगड़ने वाले खुद धनबाद के सांसद पीएन सिंह हैं। उन्होंने केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मिलकर धनबाद को एयरपोर्ट देने की मांग रखी है। हालांकि अपने प्रयास पर भी सांसद शहर के लोगों के निशाने पर हैं। लोग अब इस कागजी कार्रवाई से आगे बढ़कर धरातल पर काम करने की बात कह रहे हैं। गौरतलब है कि धनबाद से एयरपोर्ट छिनने के बाद देवघर में एयरपोर्ट से व्यावसायिक उड़ान शुरू होने के प्रोसेस ने आग में घी डालने का काम किया है। आक्रोशित लोग सांसद पर तरह-तरह के मीम्स बनने में लग गए थे। लोगों के विरोध को देखकर सांसद सिंह ने केंद्रीय मंत्री से धनबाद को एयरपोर्ट देने की गुहार लगाई है। इस दौरान सांसद ने धनबाद में हवाई परिचालन शुरू किए जाने के सभी आवश्यक पारामीटर से केंद्रीय मंत्री सिंधिया को अवगत कराया। सांसद ने कहा कि मंत्री ने जल्द ही शहर से हवाई उड़ान शुरू कराने का आश्वासन दिया है। सांसद ने कहा कि उन्होंने मंत्री को पूर्व में भी इस दिशा में अपने स्तर से कई बार याद दिलाया है। इसके अलावा अन्य मंत्रियों से मिलकर इस कार्य को तेज गति से पूरा करने पर जोर दिया था, लेकिन योजना पूरी करने में उड्डयन मंत्रालय द्वारा ज्यादा जोर देने की आवश्यकता है।



## सिगरेट की खुली बिक्री पर रहेगी रोक, टीवी और प्रिंट पर तंबाकू के प्रोडक्ट्स का विज्ञापन नहीं होगा

### मोदी सरकार इसलेकर ला रही बिल

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार संसद के मॉनसून सत्र में ही तंबाकू निषेध से जुड़े मौजूदा कानून को और सख्त बनाने की तैयारी कर रही है। तंबाकू निषेध कानून को और सख्त बनाने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया के द्वारा संसद में संशोधन विधेयक लाने की तैयारी कर रखी है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक केंद्र ने सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद विज्ञापन निषेध संशोधन बिल संसद में कभी भी पेश कर सकती है। संशोधन बिल को कैबिनेट की मंजूरी के बाद संसद में पेश किया जाएगा है। इससे पहले भारत सरकार ने मई 2003 में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कानून पारित किया था।



केंद्र बिल में संशोधन के द्वारा कई बदलाव करने जा रही है। अब सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान जोन या क्षेत्र को खत्म किया जाएगा। सिगरेट की खुली बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगेगी। सिगरेट सिर्फ चेतावनी वाले पैकेज के साथ ही बिकेगी। इसके साथ ही टीवी और प्रिंट पर तंबाकू के प्रोडक्ट्स के विज्ञापनों पर भी रोक लगेगी। साथ ही नाबालिग को तंबाकू बेचने पर जुर्माना और कैद के प्रावधान में बदलाव होगा। अभी किसी भी तरह का तंबाकू या उससे युक्त पदार्थ किसी नाबालिग को बेचना बाल न्याय अधिनियम 2015 की धारा 77 का उल्लंघन है। इस कानून के तहत आरोपित को 7 साल तक की कैद और एक लाख रुपये तक का जुर्माना लगाने का भी प्रावधान है। कानून में संशोधन के बाद तंबाकू कंपनियां किशोरों और युवाओं को लुभाने के लिए जो हथकंडे अपनाती थी, उस पर भी रोक लगेगी। पिछले दिनों ही सिगरेट और अन्य तंबाकू प्रोडक्ट्स (पैकेजिंग और लेबलिंग) को लेकर केंद्र सरकार ने नए निर्देश जारी किए थे।

## फिर हुआ जहरीली गैस का रिसाव, 121 लोगों का चल रहा है इलाज

**विशाखापत्तनम।** आंध्र प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र में फिर से गैस रिसाव हुआ है। इसके चलते अब तक 121 लोगों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। ये इलाका विशाखापत्तनम के पास है। पिछले दो महीने के दौरान ये दूसरा मौका है, जब गैस रिसाव की घटना हुई है। राज्य के मंत्री जी अमरनाथ ने कहा है कि जांच के आदेश दे दिए गए हैं। साथ ही जांच पूरी होने तक कंपनी को बंद करने के लिए कहा गया है। गैस रिसाव के बाद कर्मचारियों ने घबराहट होने और उल्टी आने की शिकायत की। इसके बाद उन्हें स्पेशल इकोनॉमिक जोन के मेडिकल सेंटर में प्राथमिक उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

## दिल्ली हाई कोर्ट की फटकार से भी नहीं रुकी कांग्रेस बार विवाद में भी स्मृति ईरानी को घेरा

**नई दिल्ली।** सिली सोल्स कैफे एंड बार मामले में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पर कांग्रेस का हमला जारी है। बुधवार को पार्टी ने जीएसटी नंबर को लेकर एक बार फिर ईरानी पर सवाल उठाए हैं। साथ ही इस बार गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत से भी बयान जारी करने की मांग की गई है। खास बात है कि इस मामले में उच्च न्यायालय भी कांग्रेस नेताओं को फटकार लगा चुका है। कांग्रेस ने आरोप लगाए हैं कि एटॉल फूड एंड बेवरेजेस को दिया गया जीएसटी नंबर विवादों में घिरे हुए बार जैसा ही है। कांग्रेस के प्रवक्ता गिरीश चूड़ांकर ने कहा, %इस बात में कोई शक नहीं है कि स्मृति ईरानी और उनका परिवार सिली सोल्स कैफे और बार चलाता है... वह यहां कुछ नहीं छिपा सकती हैं, यह एक ओपन एंड शट केस है। उन्हें झूठ बोलने की आदत है। उन्होंने आरोप लगाए कि सिली सोल्स में वहीं एड्रेस दर्ज है, जो एटॉल फूड एंड बेवरेजेस का है, जिसका संचालन ईरानी के पति करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी को मिला जीएसटी नंबर भी सिली सोल्स से मिलता जुलता है।



## कोविड टीकाकरण खत्म के बाद लागू किया जाएगा सीएए: अमित शाह

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के भाजपा नेता शुभेन्दु अधिकारी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) को जल्द से जल्द लागू करने का आग्रह किया। इस पर शाह ने उन्हें आश्वासन दिया कि इसके बारे में नियम कोविड-19 रोधी टीके की एहतियाती खुराक देने की कवायद पूरी होने के बाद तैयार किए जाएंगे। सीएए के लिए नियम बनाए जाने से इसके कार्यान्वयन का मार्ग प्रशस्त होगा। दिसंबर 2019 में संसद द्वारा पारित अधिनियम को नियम तैयार नहीं किए जाने के कारण अभी तक लागू नहीं किया गया है। सरकार ने नियम तैयार न कर पाने के लिए महामारी के प्रकोप का हवाला दिया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता अधिकारी ने शाह से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के लगभग 100 नेताओं की एक सूची भी सौंपी, जो कथित रूप से भर्ती घोटाले में शामिल थे, जिसमें राज्य के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी को गिरफ्तार किया गया है। घोटाले में शामिल सभी लोगों को बेनकाब करने के लिए व्यापक जांच की मांग करते हुए अधिकारी ने केंद्रीय गृह मंत्री को विधायकों सहित कुछ टीएमसी नेताओं के लेटरहेड भी दिए, जिनका इस्तेमाल कथित तौर पर रिश्वत लेकर नौकरियों के लिए कुछ नामों की सिफारिश करने के वास्ते किया गया था। उन्होंने शाह से मुलाकात के बाद ट्वीट किया, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से संसद में उनके कार्यालय में 45 मिनट तक मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैंने उन्हें बताया कि पश्चिम बंगाल सरकार किस तरह शिक्षक भर्ती घोटाले जैसी भ्रष्ट गतिविधियों में पूरी तरह से डूबी है। उनसे सीएए को जल्द से जल्द लागू करने का भी अनुरोध किया। अधिकारी ने कहा कि सीएए लागू करना पश्चिम बंगाल के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जहां बड़ी संख्या में लोग इसके प्रावधानों से लाभान्वित हो सकते हैं। सीएए 11 दिसंबर, 2019 को संसद द्वारा पारित किया गया था और 24 घंटे के भीतर 12 दिसंबर को इसे अधिसूचित कर दिया गया था। हालांकि, इसका कार्यान्वयन अटका हुआ है, क्योंकि अभी तक नियम नहीं बनाए गए हैं। सीएए के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन हुए थे और आलोचकों का कहना है कि यह मुसलमानों के साथ पक्षपात करता है। मई में, बंगाल में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा था कि कोविड महामारी समाप्त होने के बाद कानून को लागू किया जाएगा। यह कानून पड़ोसी देशों-बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के ऐसे उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों को नागरिकता प्रदान करने की बात कहता है, जो 31 दिसंबर 2014 तक भारत आ गए थे।



## खास खबर

### ईडी की बड़ी कार्रवाई, नेशनल हेराल्ड के ऑफिस को सील किया

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड केस में प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई कर इसके ऑफिस को सील किया गया है। जांच एजेंसी ने निर्देश दिया है कि अनुमति के बिना परिसर को नहीं खोला जाए। नेशनल हेराल्ड दफ्तर पर ईडी ने ऑफिस को बिना पूर्व इजाज़त न खोलने का नोटिस लगाया है। इससे पहले ईडी ने कथित नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली और अन्य स्थानों पर कम से कम एक दर्जन जगहों पर छापे मारे। हेराल्ड हाउस' कार्यालय पर भी दबिश दी। ये पता एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड के नाम पर पंजीकृत है, जो नेशनल हेराल्ड अखबार को प्रकाशित करता है। ईडी अधिकारियों ने बताया कि धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत छापेमारी की गई। ताकि इस मामले के संबंध में अतिरिक्त सबूत जुटाए जा सके। बता दें कि नेशनल हेराल्ड केस में ईडी सोनिया गांधी और राहुल गांधी से कई दौर की पूछताछ कर चुकी है। इस लेकर कांग्रेस ने कड़ा विरोध जताकर विरोध-प्रदर्शन किए थे। सोनिया गांधी से हुई पूछताछ के दौरान राहुल गांधी सहित कांग्रेस के कई नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया था।

### मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त संजय पांडे 16 अगस्त तक न्यायिक हिरासत में

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के कर्मचारियों की कथित अवैध फोन टैपिंग और जासूसी से जुड़े एक धनशोधन मामले में मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त संजय पांडे को 16 अगस्त तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। विशेष न्यायाधीश सुनेना शर्मा ने पांडे को न्यायिक हिरासत में भेजा, जब उन्हें हिरासत में पूछताछ की अवधि समाप्त होने पर अदालत में पेश किया गया और प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि उस उनकी और हिरासत की आवश्यकता नहीं है। ईडी की ओर से पेश हुए विशेष लोक अभियोजक एन के मट्टा ने कहा कि मामले में आगे की जांच जारी है। इस बीच, अदालत ने मामले में पांडे की जमानत अर्जी पर सुनवाई बुधवार के लिए स्थगित कर दी, क्योंकि दलील अधूरी रही। जांच एजेंसी ने मामले में पांडे को 19 जुलाई को गिरफ्तार किया था। ईडी ने इससे पहले अदालत से अनुमति मिलने पर पूछताछ के बाद एनएसई की पूर्व प्रबंध निदेशक चित्रा रामकृष्ण को 14 जुलाई को गिरफ्तार किया था। उन्हें न्यायाधीश द्वारा पारित पूर्व के आदेश पर जेल से पेश किया गया था।

### ममता कैबिनेट में 9 मंत्रियों का शपथग्रहण, बाबुल सुप्रियो भी बने मंत्री

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में ममता सरकार में 9 मंत्रियों को शपथ दिलाई गई है। इसमें बाबुल सुप्रियो भी शामिल हैं। साथ ही स्नेहासिस चक्रवर्ती, पार्थ भौमिक, उदयन गुहा, प्रदीप मजूमदार, ताजमुल हुसैन, सत्यजीत बर्मन ने शपथ ली है। बीरबाहा हांसदा और बिप्लब रॉय चौधरी ने स्वतंत्र प्रभार वाले मंत्रियों के रूप में शपथ ली है। ममता ने अपने मंत्रिमंडल का विस्तार उस समय किया है, जब उनके पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार हैं। उनकी निकट सहयोगी अर्पिता मुखर्जी के घरों से ईडी ने लगभग 50 करोड़ रुपये नगद और जेवरात बरामद किए हैं। इसके बाद से पश्चिम बंगाल की राजनीति में भ्रष्टाचार एक अहम मुद्दा हो गया है। पार्थ चटर्जी को पार्टी से निलंबित करने के बाद से ही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंत्रिमंडल विस्तार के संकेत दिए थे। इसके पहले बीजेपी नेता और अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने यह कहकर सनसनी फैला दी थी कि पश्चिम बंगाल के 30 से ज्यादा विधायक उनके संपर्क में हैं। हालांकि इस पर टीएमसी की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई थी लेकिन माना जा रहा है कि पार्टी में किसी तरह का विद्रोह न हो, इसलिए ममता बनर्जी की सरकार में मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ है।

### महबूबा ने ट्विटर अकाउंट के डिस्पे पर लगाया अमान्य हो चुका जम्मू-कश्मीर का झंडा

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को अपने ट्विटर अकाउंट पर एक डिस्प्ले पिक्चर (डीपी) लगाई,इसमें उनके पिता मुफ्ती मोहम्मद सईद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साथ बैठे दिख रहे हैं। उनके सामने राष्ट्र ध्वज तथा अब अमान्य हो चुका जम्मू-कश्मीर का झंडा दिख रहा है। दरअसल प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात' कार्यक्रम में कहा था कि 'आजादी का अमृत महोत्सव' जन आंदोलन का रूप ले चुका है। उन्होंने लोगों से दो से 15 अगस्त तक अपने सोशल मीडिया अकाउंट की डीपी पर तिरंगा लगाने का अनुरोध किया था। इसके बाद महबूबा ने नई डीपी लगाकर कहा कि जम्मू-कश्मीर से उसका झंडा भले ही 'छीन' लिया गया हो, लेकिन इससे लोगों की सामूहिक चेतना से नहीं मिटाया जा सकता। महबूबा के ट्विटर अकाउंट पर लगी तस्वीर नवंबर 2015 में हुई एक रैली की है।

न्यूज़ ट्रैक....

## राहुल को हुड्डा और सूर्यकुमार से मिलेगी टक्कर : गणेश

**नई दिल्ली** । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व गेंदबाज डोडा गणेश ने कहा है कि बल्लेबाज लोकेश राहुल के लिए आने वाले समय में छोटे प्रारुप में अपनी जगह बनाये रखना कठिन हो जाएगा। राहुल आजकल सर्जरी के कारण टीम से बाहर हैं। ऐसे में उनकी जगह शामिल किये गये युवा खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा है। गणेश के अनुसार राहुल के बाहर होने के कारण शामिल युवा बल्लेबाजों सूर्यकुमार यादव और दीपक हुड्डा ने हाल के दिनों में जिस प्रकार से खेला है। उससे वह मध्यक्रम में राहुल के विकल्प के तौर पर उभरे हैं। हुड्डा और सूर्यकुमार दोनों ने इन सीरीज के दौरान अपने टी20 करियर का पहला शतक लगाया। आयरलैंड के खिलाफ हुड्डा जबकि इंग्लैंड के खिलाफ सूर्यकुमार यादव शतक लगाने में सफल रहे। इस दौरान इन दोनो ही बल्लेबाजो की स्ट्राइक रेट 200 से ज्यादा रही थी। गणेश का मानना है कि ऐसे में राहुल को छोटे प्रारूप में अपनी जगह बनाए रखने के लिए ठीक उसी प्रकार से बल्लेबाजी करनी होगी, जैसे वह पहले किया करते थे। उन्होंने कहा, हुड्डा और सूर्यकुमार ने दिखाया है कि टी20 में बल्लेबाजी कैसे की जाती है। अब समय आ गया है कि राहुल भी अपना स्तर उठाएं और उसी तरह बल्लेबाजी करें जैसे वह चार पांच साल पहले किया करते थे। वहीं अगर वह आईपीएल की तरह खेलते हैं, तो उन्हें अपनी जगह बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा।

## पंजाब सरकार ने हरजिंदर को 40 लाख रुपये इनाम देने की घोषणा की

**चंडीगढ़** । पंजाब सरकार बर्मिंघम राष्ट्रमण्डल खेलों में कांस्य पदक पदक जीतने वाली भारोत्तोलक हरजिंदर कौर को 40 लाख रुपये का इनाम देगी। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और खेल मंत्री गुरमीत सिंह हरजिंदर ने महिलाओं के 71 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक विजेता हरजिंदर को बधाई देते उन्हें इनामी राशि दिये जाने की घोषणा की। भगवंत मान ने ट्वीट किया, 'नाभा के निकट मेहस गांव की रहने वाली हरजिंदर कौर को कांस्य पदक जीतने पर बधाई। हरजिंदर आप पंजाब की लड़कियों के लिए प्रेरणास्रोत हो। इस उपलब्धि के लिए आपके माता-पिता और प्रशिक्षकों को भी बधाई।' मुख्यमंत्री ने कहा, 'पंजाब सरकार की खेल नीति के तहत उन्हें इस उपलब्धि के लिए 40 लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी।' वहीं हरजिंदर के कांस्य पदक जीतने के बाद उनके धर पर जश्न का माहौल है। हरजिंदर के भाई प्रीतपाल सिंह ने कहा, 'यह हमारे लिए गौरवशाली क्षण है क्योंकि उसने कड़ी मेहनत के बाद कांस्य पदक जीता है। हमें पूरा विश्वास था कि वह पदक जीतेगी।

## भारोत्तोलक पूनम को नहीं मिला पदक

**बर्मिंघम** । भारत की पूनम यादव मंगलवार को राष्ट्रमंडल खेल के 76 किग्रा भारोत्तोलन प्रतियोगिता में क्लीन एंड जर्क राउंड में हुई एक गलती के कारण पदक हासिल नहीं कर पायीं। पूनम को स्नैच राउंड में 98 किग्रा के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ ही दूसरा स्थान मिला और वह खिताबी दावेदार के तौर पर उभरीं भी लेकिन क्लीन एंड जर्क के तीनों प्रयासों में असफल रहने के बाद वह प्रतियोगिता से बाहर हो गयीं। स्नैच राउंड में दूसरे स्थान पर रहने के बाद पूनम ने क्लीन एंड राउंड में 116 किग्रा वजन उठाने के तीन प्रयास किए। वह पहले और दूसरे प्रयास में जर्क के दौरान कोहनी में लचक आने के कारण इसे नहीं उठा पायीं। इसके बाद तीसरे प्रयास में वजन उठाने में सफल रहीं पर घंटी बजने से पहले ही उन्होंने उसे नीचे रख दिया जिसकी वजह से उनकी लिफ्ट पूरी नहीं हुई और वह प्रतियोगिता से बाहर हो गईं।

# राष्ट्रमंडल खेल : लॉन बॉल में स्वर्ण जीतकर भारतीय टीम ने बनाया रिकार्ड

**बर्मिंघम** । भारतीय क्रिकेट टीम ने यहां राष्ट्मंडल खेलों के लॉन बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह इसलिए क्योंकि भारत में यह खेल प्रचलित नहीं है। भारत की लवली चौबे (लीड), पिंकी (सेकंड), नयनमोनी सैकिया (थर्ड) और रूपा रानी टिर्की (स्लिप) की चौकड़ी ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 17-10 से हराकर स्वर्ण अपने नाम किया। हराया। इस प्रतियोगिता की महिला फोर स्पर्धा में भारतीय टीम पहली बार उतरी थी। इस मुकाबले में एक समय भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका से 8.2 से आगे थी पर इसके बाद थाबेलो मुहांगो (लीड), ब्रिगेट कालित्ज (सेकंड), एस्मी क्रगर (थर्ड) और जोहाना स्नीमैन (स्किप) ने अपनी टीम को 8.8 से बराबरी पर ला दिया। भारतीय खिलाड़ियों ने संयम रखते हुए अंतिम तीन मैच जीते। इससे पहले महिला ट्रिपल में भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को 15.11 से हराया था। भारत की तानिया चौधरी (लीड), पिंकी (सेकंड) और रूपा रानी टिर्की (स्किप) की तिकड़ी निकोल टॉमी (लीड), तायला ब्रूस (सेकंड) और वैल स्मिथ (स्किप) की न्यूजीलैंड की खिलाड़ियों को पीछे छोड़ा था।

## राष्ट्रमण्डल खेलों में भारतीय टीम छठे , ऑस्ट्रेलिया नंबर एक स्थान पर

**बर्मिंघम** । यहां जारी राष्ट्रमण्डल खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच स्वर्ण पदकों के साथ ही अबतक 13 पदक जीते हैं। भारत को भारोत्तोलन में तीन जबकि लॉन बाल और टेबल टेनिस में एक-एक स्वर्ण मिला है। इसके अलावा बैडमिंटन में भी उसे एक रजत पदक मिला। इसके अलावा भारत को पांच रजत और तीन कांस्य पदक भी मिले हैं। जूडो में भी भारत को एक कांस्य पदक मिला है। मीराबाई चानू , जेरेमी लालरिनुंगा और अचिंता शेउली ने स्वर्ण पदक जीते हैं। भारोत्तोलक हरजिंदर कौर ने कांस्य पदक हासिल किये। वहीं जूडो खिलाड़ी सुशीला देवी और विजय कुमार को कांस्य पदक मिला। राष्ट्रमण्डल खेलों में 13 पदक लेकर भारत छठे स्थान पर है जबकि 106 पदक के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टीम नंबर एक स्थान पर है। वहीं 86 पदकों के साथ ही इंग्लैंड दूसरे ओर 26 पदकों के साथ ही न्यूजीलैंड तीसरे स्थान पर है।

| क्र | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऑस्ट्रेलिय | 42 | 32 | 32 | 106 |
| 2 | इंग्लैंड | 31 | 34 | 21 | 86 |
| 3 | न्यूजीलैंड | 13 | 7 | 6 | 26 |
| 6 | भारत | 5 | 5 | 3 | 13 |

## भारत की हरजिंदर को कांस्य मिला

**बर्मिंघम** । भारत की हरजिंदर कौर ने यहां जारी राष्ट्मंडल खेलों की भारोत्तोलन प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल किया है। हरजिंदर को महिलाओं के 71 किग्रा भार वर्ग में यह कांस्य पदक मिला है। हरजिंदर ने स्नैच में 93 और क्लीन एवं जर्क में 119 किग्रा का भार उठाकर कुल 212 किग्रा भार के साथ यह कांस्य पदक प्राप्त किया। हरजिंदर स्नैच में 90 किग्रा के दौरान अपने पहले प्रयास में असफल रहीं पर दूसरे प्रयास में उन्होंने सफलता पूर्वक इसे उठाने के बाद तीसरे प्रयास में 93 किग्रा का भार उठाया। वहीं इंग्लैंड की साराह डेविस ने स्वर्ण जीतने के साथ ही रिकार्ड बनाया। साराह ने क्लीन एवं जर्ग में 113, 116 और फिर 119 किग्रा वजन उठाया। इस स्पर्धा में साराह ने इन खेलों के तीन नए रिकॉर्ड बनाए। उन्होंने स्नैच में 103 और क्लीन एवं जर्क में 126 किग्रा के अलावा कुल 229 किग्रा वजन उठाकर नया रिकॉर्ड बनाया। कनाडा की एलेक्सिस एशवर्थ ने रजत पदक जीता। ऐश वर्थ ने स्नैच में 91 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 123 किग्राके साथ ही कुल 214 किग्रा वजन उठाया।

एशिया कप कार्यक्रम जारी

# भारत और पाक 28 अगस्त को होंगे आमने-सामने

**मुम्बई** । एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने इसी माह शुरु होने वाले एशिया कप क्रिकेट मुकाबले का कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसमें परंपरागत विरोध भारत और पाकिस्तान के बीच



28 अगस्त को दुबई में मुकाबला होगा। इस टूर्नामेंट की शुरुआत श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच 27 अगस्त को होने वाले मैच से होगी। यह टूर्नामेंट पहले श्रीलंका में होना था पर वहां आर्थिक बदहाली के हालातों को देखते हुए श्रीलंकाई बोर्ड ने इस टूर्नामेंट के आयोजन में असमर्थता जतायी थी। इस टूर्नामेंट में कुल 6 टीमें भाग लेंगी और इसका फाइनल मुकाबला 11 सितंबर को दुबई में खेला जाएगा।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने दुबई में 27 अगस्त से 11 सितंबर तक टी20 प्रारुप में खेले जाने वाले टूर्नामेंट के कार्यक्रम की घोषणा की।

इस टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान को क्वालिफायर टीम के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। वहीं श्रीलंका, अफगानिस्तान और बांग्लादेश की टीमें ग्रुप बी में हैं। यूएई, कुवैत, हांगकांग और सिंगापुर में से कोई एक टीम भारत और पाकिस्तान के ग्रुप ए में आयेगी। अबतक भारत और पाक की टीमें के बीच इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में 14 बार मुकाबला हुआ है। इसमें भारत ने 8 में जीत हासिल की है जबकि पाक टीम छह मैचों में जीती है।

इसमें ग्रुप ए और बी में शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें सुपर 4 राउंड के लिए क्वालिफाई करेंगी। ऐसे में भारत और पाकिस्तान की टीमों के बीच 4 अगस्त को मुकाबला हो सकता है। वहीं सुपर 4 में शीर्ष पर रहने वाली दो टीमों के बीच 11 अगस्त को फाइनल खेला जाएगा।

# धनलक्ष्मी तीन साल के लिए प्रतिबंधित

**नई दिल्ली** । डोपिंग जांच में पॉजिटिव पाये जाने के कारण भारतीय महिला एथलीट धनलक्ष्मी पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। धनलक्ष्मी पर यह प्रतिबंध एथलेटिक्स इंटीग्रिटी इकाई (एआईयू) ने लगाया है। इसका कारण धनलक्ष्मी के दो मई को तुर्की में लिए नमूने में मेटांडियनोन (एनाबॉलिक एंड्रोजेनिक स्टेरॉयड) पाया जाना बताया जा रहा है। मेटांडियनोन विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) कोड के तहत प्रतिबंधित माना जाता है। धनलक्ष्मी का परीक्षण स्विट्जरलैंड के लुसाने में वाडा की मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला में ही हुआ था। ऐसे मामलों के लिए निलंबन की अवधि चार साल की होती है पर धनलक्ष्मी ने डोपिंग अपराध और प्रतिबंध स्वीकार कर लिया था। इसके कारण उनकी सजा की अवधि में एक साल की कमी कर दी गयी। धनलक्ष्मी अब 11 जुलाई से तीन साल के लिये प्रतिबंधित रहेगी। इसके साथ ही एक मई 2022 के उनके सभी परिणामों को भी खारिज कर दिया गया है। एआईयू ने अपने एक बयान में कहा, ''इस एथलीट ने 19 जुलाई को डोपिंग रोधी नियम के उल्लंघन को स्वीकार कर स्वीकृति फॉर्म पर हस्ताक्षर किए जिससे उनकी सजा में एक साल की कटौती की गयी है।'' इस मामले में इस एथलीट के पास अब खेल पंचाट में अपील का ही विकल्प बचा है।

## केएससीए ट्रॉफी से देश के युवाओं को होगा लाभ : पडिक्कल

**बेंगलुरु** । युवा सलामी बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल का मानना है कि आगामी महाराजा केएससीए ट्रॉफी से कर्नाटक के प्रतिभाशाली क्रिकेटरों को अवसर मिलेगा। पडिक्कल ने कहा कि कर्नाटक में काफी प्रतिभाएं है और मैंने बड़े होने के दौरान ज्यादातर खिलाडिों के साथ खेला है। मैंने राज्य के क्ढ हिस्सों से खिलाडिों को आते देखा है। वह बेंगलुरू के खिलाडिों से कम प्रतिभाशाली नहीं हैं। पडिक्कल ने साथ ही कहा कि कर्नाटक के युवाओं को निश्चित रूप से अवसर दिए जाने की आवश्यकता है और मुझे लगता है कि यह टूर्नामेंट वह अवसर प्रदान करेगा। पडिक्कल ने कहा कि मैदान पर मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश की। केपीएल भी मेरे लिए सही समय पर आया क्योंकि मुझे लगा कि इससे मैं अपनी प्रतिभा को बाहर निकाल सकता हूं। मैं उस समय अच्छा खेल रहा था।

## भारतीय खिलाड़ियों को विदेशी लीग में खेलने का लाभ मिला : मारूफ

**बर्मिंघम** । पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम की कप्तान बिस्माह मारूफ का मानना है कि भारतीय महिला क्रिकेटर विदेशी लीग में खेलती हैं। इसी कारण उनकी टीम बेहतर हुई है जबकि पाक खिलाड़ियों को विदेशी लीग में खेलने का अवसर नहीं मिलता। मारूफ के अनुसार इसी का लाभ भारतीय टीम को राष्ट्रमंडल खेलों में भी मिला। पाक कप्तान के अनुसार विदेशी लीग में खेलने से भारतीय खिलाड़ियों का कौशल बेहतर हुआ है। इसके साथ ही उनका मनोबल भी बढ़ा है जबकि हमारे खिलाड़ियों के साथ ऐसा नहीं हुआ है। साथ ही कहा कि अगर हमारे खिलाड़ियों को भी इस तरह के अवसर मिलने लगेंगे तो वे भी बेहतर होकर उभरेंगी। भारत की स्मृति मंधाना , हरमनप्रीत कौर, जेमिमाह रॉड्रिग्स, शेफाली वर्मा, पूनम यादव, ऋचा घोष, राधा यादव और दीप्ति शर्मा 2021-22 में ऑस्ट्रेलियाई महिला बिग बैश क्रिकेट लीग में शामिल थीं। हरमनप्रीत और पूजा वस्त्रकर आगामी सत्र में भी इसमें खेलेंगी। स्मृति, हरमनप्रीत, जेमिमाह, शेफाली और दीप्ति भी पिछले साल 'द हंड्रेड' के उद्घाटन सत्र में शामिल थीं। वहीं दूसरी ओर साल 2019-20 में निदा डार डब्ल्यूबीबीएल में शामिल होने वाली पाकिस्तान की पहली और अब तक एकमात्र खिलाड़ी रही थीं। बिस्माह को

## व्यापार न्यूज

### डीबीएस बैंक इंडिया को वर्ष 167 करोड़ का मुनाफा

**मुंबई** । सिंगापुर बैंक डीबीएस की अनुषंगी डीबीएस बैंक इंडिया ने वित्त वर्ष 2021-22 में 167 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ है। बैंक ने कहा कि इसके एक साल पहले उसने 312 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया था। हालांकि उसने दोनों वित्त वर्षों के आंकड़ों को तुलना के लायक न मानते हुए कहा कि लक्ष्मी विलास बैंक के अधिग्रहण के बाद 2021-22 उसके परिचालन का पहला पूर्ण वर्ष रहा। लक्ष्मी विलास बैंक का नवंबर 2020 में अधिग्रहण करने वाले डीबीएस बैंक का समाप्त वित्त वर्ष में शुद्ध राजस्व 11 प्रतिशत बढ़कर 2,892 करोड़ रुपए हो गया। हालांकि इस दौरान उसकी आमदनी 52 प्रतिशत घटकर 284 करोड़ रुपए पर आ गई। उसने ब्याज दरों में बढ़ोतरी की वजह से बाजार में अवसर कम होने को इसके लिए जिम्मेदार बताया ।परिसंपत्ति गुणवत्ता के मोर्चे पर बैंक ने मार्च 2022 के अंत में सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति अनुपात 9.5 प्रतिशत रहने की जानकारी देते हुए कहा कि मार्च 2021 में यह 12.93 प्रतिशत पर था।

### जोमैटो में अपनी हिस्सेदारी 2,939 करोड़ में बेचेगी उबर

**मुंबई** । ऑनलाइन कैब सेवा कंपनी उबर फूड डिलीवरी करने वाले ऑनलाइन मंच जोमैटो में अपनी समूची हिस्सेदारी 2,939 करो रुपए में बेच सकती है। मर्चेंट बैंकिंग से जु सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि बुधवार को संपन्न होने वाले इस बिक्री करार के लिए 48-54 रुपए प्रति शेयर के भाव की पेशकश की जा सकती है। उन्होंने बताया कि इस कीमत के निचले स्तर पर अगर हिस्सेदारी बिक्री होती है तो इस सौदे से जुटाई जाने वाली कुल राशि 2,939 करोड़ रुपये (37.3 करो डॉलर) हो सकती है। बोफा सिक्योरिटीज इस समझौते को संपन्न कराने की प्रक्रिया में शामिल है।हालांकि उबर इंडिया के प्रवक्ता ने इस मामले पर फिलहाल कोई भी टिपण्णी देने से इनकार कर दिया है।

### आकाश एयर की चेन्नई-मुंबई मार्ग पर उड़ानें 15 से

**नई दिल्ली** । राकेश झुनझुनवाला की आकाश एयर 15 सितंबर से चेन्नई-मुंबई मार्ग पर उड़ानें संचालित करेगी। कंपनी ने कहा कि वह सात अगस्त को मुंबई-अहमदाबाद मार्ग पर अपनी पहली वाणिज्यिक सेवा संचालित करेगी। आकाश एयर क्रमशः 13 अगस्त और 19 अगस्त से बेंगलुरु-कोच्चि और बेंगलुरु-मुंबई मार्गों पर सेवाएं शुरू करेगी। एयरलाइन के बयान में कहा गया है कि चेन्नई और मुंबई के बीच नई दैनिक उड़ानें 15 सितंबर, 2022 से शुरू होंगी। कंपनी ने कहा कि वह हर महीने दो अतिरिक्त विमान जोड़ेगी और 2023 के आखिरी तक उसके बेड़े में 18 विमान शामिल हो जाएंगे।

हल्की गिरावट के साथ खुले शेयर बाजार

# सेंसेक्स 70 अंक टूटा, निफ्टी 17,000 पर पहुंचा

**मुंबई** । एशियाई बाजारों के सकारात्मक रुख के बीच, मारुति, एमएंडएम और कोटक महिंद्रा बैंक जैसे बड़े शेयरों में गिरावट के कारण बुधवार को शुरुआती कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों वाला 69.26 अंक टूटकर 58,067.10 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 37.45 अंक के नुकसान से 17,308 अंक पर आ गया। सेंसेक्स की कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी, आईटीसी और नेस्ले शुरुआती कारोबार में नुकसान में रहे। वहीं दूसरी ओर, इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल और एक्सिस बैंक के शेयर लाभ में रहे। पिछले सत्र में मंगलवार को तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 20.86 अंक की तेजी के साथ 58,136.36 अंक पर बंद हुआ था। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 5.40 अंक की मामूली बढ़त के साथ 17,345.45 अंक पर बंद हुआ था। निवेशकों ने कोटक महिंद्रा बैंक, कोल इंडिया, मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, एमएंडएम जैसी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली की और लगातार मुनाफावसूली से ये स्टॉक्स टॉप लूजर की श्रेणी में आ गए। दूसरी ओर भारती एयरटेल, आयशर मोटर्स, जेएस डब्ल्यू स्टील, सिप्ला और पावर ग्रिड कार्प के स्टॉक्स में तेजी दिख रही है, क्योंकि निवेशकों ने इन कंपनियों के शेयरों पर जमकर दांव लगाया और ये स्टॉक्स टॉप गेनर की सूची में आ गए। निफ्टी




मिडकैप पर 0.1 फीसदी की गिरावट दिख रही है जबकि निफ्टी स्मॉलकैप पर 0.3 फीसदी की तेजी है। वहीं निफ्टी मेटल और फार्मा में तेजी दिख रही और ये दोनों सेक्टर ही बाजार की अगुवाई कर रहे हैं। निफ्टी ऑटो और निफ्टी मीडिया के स्टॉक्स में नुकसान दिख रहा है। अडानी ट्रांसमिसन के स्टॉक्स 52 हफ्ते के हाई पर पहुंच गए हैं, जबकि सुवेक्स के शेयरों में भी 20 फीसदी की जबरदस्त बढ़त दिख रही है।

## अमेरिकी और यूरोपीय बाजार में गिरावट रही

**मुंबई** । चीन के साथ राजनीतिक तनाव बढ़ने और महंगाई व ब्याज दरों में बढ़ोतरी के बाद अमेरिकी शेयर बाजार पर दबाव दिख रहा है। अनिश्चितता से डरे निवेशकों ने पिछले सत्र में बिकवाली शुरू कर दी और अमेरिकी बाजार गिरावट पर बंद हुए। अमेरिका के प्रमुख शेयर बाजारों में शामिल नेस्डेक पर पिछले सत्र में 0.16 फीसदी की गिरावट दिखी। अमेरिका की तर्ज पर यूरोपीय बाजारों में भी बिकवाली हावी रही और सभी प्रमुख शेयर बाजार गिरावट पर बंद हुए। यूरोप के बड़े बाजारों में शामिल जर्मनी का स्टॉक एक्सचेंज पिछले सत्र में 0.23 फीसदी के नुकसान पर बंद हुआ, जबकि फ्रांस का शेयर बाजार 0.43 फीसदी टूट गया।

## एशियाई बाजारों में तेजी के साथ कारोबार

**मुंबई** । एशिया के ज्यादातर शेयर बाजार बुधवार को सुबह बढ़त पर खुले और हरे निशान पर कारोबार कर रहे हैं। सिंगापुर स्टॉक एक्सचेंज पर 0.14 की तेजी दिख रही तो जापान का निक्केई 0.52 फीसदी की बढ़त पर कारोबार कर रहा है। इसके अलावा हांगकांग के बाजार में 0.90 फीसदी तो ताइवान में 0.12 फीसदी की तेजी दिख रही। दक्षिण कोरिया का कॉस्पी बाजार भी 0.37 फीसदी की बढ़त बनाकर कारोबार कर रहा है।

# डॉलर के मुकाबले रुपया 27 पैसे टूटकर 78.80 पर खुला

**मुंबई** । घरेलू शेयर बाजारों में कमजोर रूख की वजह से बुधवार को रुपया शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 27 पैसे टूटकर 78.80 रुपये प्रति डॉलर के भाव पर आ गया। अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 78.70 के भाव पर खुला लेकिन जल्द ही यह 78.80 के स्तर पर खिसक गया। इस तरह पिछले कारोबारी दिवस के मुकाबले रुपया शुरुआती कारोबार में ही 27 पैसे टूट गया। मंगलवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 53 पैसे उछलकर एक माह के उच्च स्तर 78.53 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ था जो पिछले 11 महीनों में रुपए में एक दिन के कारोबार में सर्वाधिक तेजी थी। हालांकि दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 प्रतिशत गिरकर 106.16 पर आ गया।

## क्रूड ऑयल की कीमतों में फिर गिरावट

**नई दिल्ली** । वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट आई है और ब्रेंट क्रूड के भाव करीब चार महीने में दूसरी बार 100 डॉलर से नीचे आए हैं। इस बीच सरकारी तेल कंपनियों ने बुधवार को पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। दिल्ली में पेट्रोल अब भी 96.72 रुपए लीटर मिल रहा है। ब्रेंट क्रूड के भाव अप्रैल के बाद से दूसरी बार गिरकर 100 डॉलर से नीचे पहुंचा है और इसका भाव 99.61 डॉलर प्रति बैरल रहा, जबकि डब्ल्यूटीआई का रेट 93.61 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.79 रुपए और डीजल 89.96 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपए और डीजल 89.76 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.24 रुपए और डीजल 94.04 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

# एयरबस ने भारत में विमान मेंटीनेंस इंजीनियरिंग में प्रशिक्षण सुविधाएं बढ़ाने किया जीएमआर के साथ करार

**नई दिल्ली** । एयरबस ने भारत में युवा एविएशन इंजीनियरों को विमानों के रखरखाव का प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए देश के विमानन क्षेत्र में आधारभूत संरचना का विकास करने में अग्रणी जीएमआर के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। जीएमआर हैदराबाद स्थित जीएमआर स्कूल ऑफ एविएशन में युवा प्रशिक्षुओं के लिए एकीकृत एयरक्राफ्ट मेंटीनेंस इंजीनियर (एएमई) लाइसेंसिंग प्रोग्राम शुरू करेगा। इस कार्यक्रम की अवधि चार वर्ष होगी, जिसमें दो वर्ष कक्षा में प्रशिक्षण दिलाया जाएगा और अगले दो वर्ष मेंटीनेंस, रिपेयर तथा ओवरहॉल (एमआरओ) ट्रेनिंग जीएमआर ऐरो टैक्निक, हैदराबाद में दिलायी जायेगी, तथा इसके बाद एयरक्राफ्ट टाइप ट्रेनिंग की व्यवस्था भी की जाएगी।

एयरबस और जीएमआर के बीच इस समझौते के तहत, एयरबस प्रशिक्षुओं के लिए आवश्यक सॉफ्टवेयर तथा कोर्सवेयर का प्रबंध करेगी जिसमें प्रशिक्षु हैंडबुक, परीक्षा डेटाबेस के अलावा एयरबस के स्वनिर्धारित बुनियादी प्रशिक्षण मॉड्यूल को ऑनलाइन ग्रहण करने की सुविधा शामिल है। साथ ही पाठ्यक्रमों के लिए आवश्यक तकनीकी प्रशिक्षण सामग्री के तौर पर एयरबस कॉम्पिटेंस ट्रेनिंग (एसीटी) फॉर एकेडमी मीडिया पैकेज को भी उपलब्ध कराया जायेगा । एयरबस इसके अलावा जीएमआर के इंस्ट्रक्टर्स को प्रशिक्षण दिलाने के साथ-साथ प्रशिक्षण केंद्र का भी मूल्यांकन करेगी।

श्री रेमी मैय्या, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एयरबस इंडिया एवं दक्षिण एशिया ने कहा, %%जीएमआर के साथ हमारी भागीदारी वास्तव में, घरेलू विमानन उद्योग में भविष्य में पैदा होने वाली भारी मांग के मद्देनज़र देश में एमआरओ क्षमताओं को अधिक मजबूत बनाने की पहल का एक हिस्सा है। एयरबस आगे भी भारत के विस्तृत एरोस्पेस इकोसिस्टम के विकास के लिए अपना योगदान जारी रखेगी जिसमें इसकी बढ़ती औद्योगिक गतिविधियों के जरिए निर्माण एवं सेवा क्षमताओं को बेहतर बनाना शामिल है।

इस भागीदारी के बारे में श्री अशोक गोपीनाथ, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जीएमआर एरो टैक्निक ने कहा, %%विमानन क्षेत्र तीं से उभर रहा है और 2030 तक भारत दुनिया में सबसे बड़े विमानन बाार के तौर पर अपनी साख बनाने के लिए तैयार है। हवाई यातायात के बढ़ने से देश के वाणिज्यिक विमानन बेड़े में काी विस्तार हो रहा है। इस बढ़ती मांग को पूरा करने तथा उद्योग को सहयोग देने के लिए, कुशल पेशेवरों की आवश्यक्ता है। जीएमआर स्कूल ऑफ एविएशन देश में विमानन क्षेत्र के लिए अभियांत्रिकी एवं अनुरक्षण समाधान प्रदान करने वाली प्रतिभाओं को तैयार करने में सहायक होगा। हमें अपने इस प्रयास में सहभागी के रूप में एयरबस के साथ आने की प्रसन्नता है और विश्वास है कि इससे हमारे 'मिशन स्किल इंडिया' प्रयासों में और तीं आएगी।

जीएमआर एरो टैक्निक भारत की सबसे बड़ी एकीकृत विश्वस्तरीय तृतीय-पक्ष एमआरओ (मेंटीनेंस, रिपेयर एवं ओवरहॉल) सुविधा है जिसका संचालन जीएमआर हैदराबाद अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से किया जाता है। इसने एशिया में विमानों के रखरखाव तथा सेवा के मामले में यह बड़ा कदम उठाया है। इस वर्ष शुरू हो रहा यह कार्यक्रम उन सभी उम्मीदवारों के लिए खुला है जो प्रमुख विषयों के रूप में भौतिकी और गणित के साथ हायर सेकंडरी सर्टिफिकेट (12वीं) परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं।

# रक्षाबंधन में नजर आ सकती हैं भूमि पेडनेकर



बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार माने जाने वाले अक्षय कुमार की इस साल कई फिल्में रिलीज की कतार में शामिल हैं। इस साल वह बहुप्रतीक्षित फिल्म रक्षाबंधन को लेकर सुर्खियों में रहे हैं। अब इस फिल्म से जुड़ी एक नई जानकारी सामने आ रही है। खबरों की मानें तो अक्षय की इस फिल्म का हिस्सा दिग्गज अभिनेत्री भूमि पेडनेकर बन सकती हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म के लिए भूमि को अप्रोच किया गया है। रिपोर्ट की मानें तो रक्षाबंधन में अक्षय के साथ भूमि की जुगलबंदी देखने को मिल सकती है। सूत्र ने बताया, भूमि को फिल्म का ऑफर मिला है। उन्हें फिल्म का रोल पसंद आया और उन्होंने फिल्म के लिए अपनी सहमति दे दी है। फिल्म में उनके शामिल होने की औपचारिकताओं पर तेजी से काम चल रहा है। यदि सबकुछ योजना के हिसाब से हुआ, तो फिल्म की शूटिंग 21 जून से शुरू होगी। अक्षय और भूमि की जोड़ी को दर्शकों ने खूब सराहा है। अक्षय और भूमि की यह तीसरी फिल्म होगी। उन्होंने टॉयलेटः एक प्रेम कथा और दुर्गावती जैसी फिल्मों में साथ काम किया है। टॉयलेटः एक प्रेम कथा सामाजिक मुद्दे पर बनी फिल्म थी, जिसे दर्शकों ने अच्छी प्रतिक्रिया दी थी। रक्षाबंधन का निर्देशन आनंद एल राय कर रहे हैं। अतरंगी रे में साथ काम करने के बाद आनंद एक बार फिर अक्षय के साथ इस फिल्म में काम करेंगे। अक्षय ने इस फिल्म की घोषणा पिछले साल रक्षाबंधन के अवसर पर की थी। उन्होंने कहा था, फिल्म की कहानी दिल को गहराई से छूती है, इसलिए उन्होंने इस फिल्म को तुरंत साइन कर दिया था। मेरे करियर की यह ऐसी पहली फिल्म है, जिसे मैंने इतना जल्दी साइन किया है। इस फिल्म को मैं अपनी बहन अल्का को समर्पित करता हूं। अब देखना है कि फिल्म में भाई और बहन की केमिस्ट्री को कैसे पर्दे पर निभाया जाएगा। फिल्म की शूटिंग भारत में ही विभिन्न जगहों में होगी। इस फिल्म में तीन बहनों की देखभाल करने वाले बड़े भाई की भूमिका अक्षय कुमार ने निभाई है। रक्षाबंधन को दीवाली के मौके पर रिलीज किया जा सकता है। हालांकि, रिलीज की तारीखें अक्षय कुमार की आगामी रिलीज होने वाली फिल्मों पर निर्भर करेंगी। कोरोना वायरस के कारण इस फिल्म का प्रोजेक्ट भी बाधित हुआ है। देश में कोरोना के हालात पर भी फिल्म की रिलीज निर्भर करेगी। भूमि के वर्कफ्रंट की बात करें तो इस साल वह कई फिल्मों में नजर आ सकती हैं। वह महेश मथाई की फिल्म सारे जहां से अच्छा में दिख सकती हैं।

# केले से जुड़े इन भ्रमों को सच मानते हैं लोग, जानिए इनकी सच्चाई

केला फाइबर, कैल्शियम और आयरन जैसे कई जरूरी पोषक तत्वों से समृद्ध माना जाता है जो सेहत को ढेरों लाभ पहुंचाते हैं। फिर भी कई लोग इसे अपनी डाइट में शामिल करने से हिचकिचाते हैं।



इसका मुख्य कारण यह है कि उनके मन में इस फल से जुड़े कई भ्रम हैं जिन्हें वे सच मानते हैं, लेकिन इनकी सच्चाई कुछ और ही है। आइए आज हम आपको केले से जुड़े कुछ भ्रम और उनकी सच्चाई बताते हैं।

## भ्रम- मधुमेह रोगियों को केला नहीं खाना चाहिए

यह सिर्फ एक भ्रम है कि मधुमेह रोगियों को केला नहीं खाना चाहिए। असल में यह फल मधुमेह रोगियों के लिए सुरक्षित है क्योंकि इसमें कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स होता है जो रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है। बता दें कि केले में फाइबर, स्टार्च, कई विटामिन्स, खनिज, फाइटोकेमिकल्स और एंटी-ऑक्सीडेंट जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं

## भ्रम- केले की मिठास सेहत को नुकसान पहुंचाती है

अगर आप इस वजह से केले का सेवन नहीं करते हैं कि इसमें बहुत अधिक मिठास होती है जो सेहत को नुकसान पहुंचा सकती है तो आपको बता दें कि यह सिर्फ एक भ्रम है। सच बात तो यह है कि केले में फरुक्टोज और विटामिन-क्ककी भरपूर मात्रा शामिल होती है। ये ऐसे पोषक तत्व हैं जो प्राकृतिक चीनी का एक अच्छा स्रोत माने जाते हैं और इनसे सेहत पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता।

## भ्रम- केले के सेवन से वजन बढ़ता है

कई लोग इस बात को सच मानकर केले का सेवन नहीं करते हैं कि इससे उनका वजन बढ़ेगा, जबकि इसकी सच्चाई कुछ अलग ही है। वास्तविकता में यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप केले का सेवन किस तरह से करते हैं। उदाहरण के लिए, अगर आप केले का शेक बनाने के लिए उसके साथ ढेर सारी चीनी और आईसक्रीम का इस्तेमाल करेंगे तो फिर आपका वजन बढ़ना लाजिमी है।

## भ्रम- उच्च रक्तचाप से ग्रसित लोगों के लिए केले का सेवन नुकसानदायक होता है

यह भी सिर्फ एक भ्रम के अलावा और कुछ नहीं है कि उच्च रक्तचाप से ग्रसित लोगों के लिए केले का सेवन नुकसानदायक होता है। सच बात तो यह है कि केला विटामिन-क्क6, खनिज, पोटैशियम और फाइबर का एक अच्छा स्रोत है जो उच्च रक्तचाप रोगियों के लिए लाभदायक होते हैं।

# प्रियामणि को ऐसे मिला था वेब सीरीज द फैमिली मैन में काम



बॉलीवुड अभिनेता मनोज वाजपेई की वेब सीरीज द फैमिली मैन सीजन 2 रिलीज हो गई है। ये वेब सीरीज अमेज़न प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम की गई है। इसमें मुख्य किरदार के रूप में मनोज बाजपाई के अलावा समांथा अक्कीनेनी और प्रियामणि भी नजर आए हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि प्रियामणि बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री विद्या बालन की कजिन बहन है। प्रियामणि ने इससे पहले द फैमिली मैन 2 के पहले सीजन में भी दिखाई दे चुकी है। अभिनेत्री प्रियामणि ने अपने एक खास इंटरव्यू में अपनी वेब सीरीज और अपनी कास्टिंग को लेकर बात की है। जिसमे उनहोंने बताया था कि उनको इस सीरीज में कैसे काम मिला। अभिनेत्री प्रियामणि ने बताया था कि, जब मैं राज्य सर और डीके सर को ऑफिस में मिली थी तो उन्होंने मुझे मेरे कैरेक्टर के बारे में एक्सप्लेनेशन दिया उस वक्त मैं सलवार कमीज पहन कर गई थी। पूरे वाक्ये के बारे में प्रियामणि ने बताया कि, उन्होंने उनसे कहा था कि सुचित्रा का कैरेक्टर पत्नी और मां का है। इसलिए प्रियामणि ने सोचा कि वो सलवार कमीज पहन कर जाती है। जींस वगैरा थोड़ा अजीब लगेगा। जब वो पहली बार मिलने के लिए जा रही थी तो उनके मन में कई तरह के सवाल पनप रहे थे। प्रियामणि ने कहा कि वो पहली बार राज और डीके से मिलने जा रही थे। अभिनेत्री ने बताया कि उनका साउथ में कई बार बुरा अनुभव भी रहा है। ऐसे में वो मुंबई में अपने एक्सपीरियंस के बारे में डरी हुई थी। ऐसे में अभिनेत्री अपने पति को लेकर राज और डीके से मिलने गई थी। इससे पहले प्रियामणि अपनी मम्मी को लेकर जाती थी। वो ऑफिस पहुंची और उन्होंने राजा राज और डीके से मिली। प्रियामणि ने कहा कि, उन्होंने मुझे सुचित्रा के कैरेक्टर को समझाया। फिर उसके बाद मैं घर गई तो मैंने अपने पति से पूछा कि क्या मैं ये सीरीज कर रही हूं।

# अवतार फिल्म के कॉस्टयूम डिजाइनर बनाएंगे ऋतिक रोशन को

बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता ऋतिक रोशन आने वाले दिनों में कई फिल्मों में नजर आने वाले हैं। जिसमें उनकी अपकमिंग प्रोजेक्ट रामायण भी शामिल है। जिसके निर्माता मधु मंटेना है। ऋतिक रोशन की पिछली रिलीज फिल्म वॉर थी जिसने बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार कमाई की थी। इस फिल्म में अभिनेता का एक्शन अवतार दिखाई दिया था। ऋतिक रोशन की इस फिल्म की रिलीज के बाद उनके चाहने वाले अभिनेता की अगली फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे है। ऐसे में अब ऋतिक रोशन को लेकर खबरें आ रही हैं कि वो जल्द ही निर्माता मधु मंटेना की अपकमिंग फिल्म रामायण में नजर आने वाले



हैं। इसमें अभिनेता ऋतिक रोशन रावण का किरदार निभाते हुए दिखाई देंगे। इन दिनों फिल्ममेकर फिल्म को लेकर तैयारियां कर रहे है। ताजा खबरों के अनुसार ऐसा कहा जा रहा है कि, मधु मंटेना अपनी फिल्म रामायण को बड़े स्तर पर शूट करने की तैयारी कर रहे हैं।

जिसके लिए वो किसी भी तरह की कमी नहीं रखना चाहते है। फिल्म को खास और शानदार बनाने के लिए मेकर्स ने हॉलीवुड फिल्म अवतार के टेक्नीशियन की मदद भी लेने की प्लानिंग की है। सुनने में आ रहा है कि फिल्म रामायण की कॉस्टयूम डिजाइनर के लिए अवतार के टेक्नीशियन की मदद ली गई है। जो अभिनेता ऋतिक रोशन को रावण बनाने का जिम्मा उठाने वाले है। ऋतिक रोशन की अपकमिंग फिल्म रामायण के कॉस्ट्यूम को अवतार फिल्म के डिजाइनर करने वाले हैं।

## 'हसीन दिलरुबा' बनकर कातिलाना राज खोलेंगी तापसी पन्नू, सामने आई फिल्म की रिलीज डेट



तापनी पन्नू, विक्रांत मैसी, हर्षवर्धन रहाणे की फिल्म हसीन दिलरुबा का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और इसी बीच फैंस के लिए गुड न्यूज है. फिल्म की रिलीज डेट की अनाउंसमेंट हो गई है और हसीन दिलरुबा नेटफ्लिक्स पर 2 जुलाई को रिलीज होगी. तापसी ने वीडियो शेयर कर इसकी जानकारी दी है. वीडियो शेयर कर तापसी ने लिखा, 'कहानी आशिकाना, राज कातिलाना. हसीन दिलरुबा जल्द आ रही है सिर्फ नेटफ्लिक्स पर.' पिछले साल अक्टूबर में ही फिल्म की शूटिंग खत्म हुई थी.तापसी ने फिल्म के रैप अप की फोटो शेयर कर बताया था. तापसी ने इस फिल्म की शूटिंग हरिद्वार में की थी. हसीन दिलरूबा की बात करें तो ये एक मर्डर मिस्ट्री होदी जिसमें एक लव स्टोरी भी दिखाई जाएगी और उस लव स्टोरी में नजर आएंगे कई नए मोड़. ऐसा कहा जा रहा है कि ऐसी कहानी पर अब तक कोई फिल्म नहीं बनी है. ये दर्शकों के लिए नया एक्सपीरियंस होगा. वैसे बता दें कि तापसी के पास अभी कई प्रोजेट्क्स हैं. 'हसीन दिलरुबा' के अलावा वह 'रश्मि रॉकेट', 'लूप लपेटा' और 'शाबाश मिट्ठू' में भी नजर आएंगी. दिलचस्प बात ये है कि ये सभी फिल्म अलग-अलग जॉनर की हैं. रश्मि रॉकेट एक एथलीट की कहानी है जो गरीबी और जिंदगी की कई मुश्किलों का सामना करके अपनी पहचान बनाती है. फिल्म में तापसी के अलावा अभिषेक बनर्जी और प्रियांशु पेनयुली लीड रोल में हैं और इसे आकर्ष खुराना डायरेक्ट कर रहे हैं. शाबाश मिट्ठू दिग्गज महिला क्रिकेटर मिताली राज पर निर्धारित है. फिल्म में तापसी, मिताली का किरदार निभा रही हैं।

# रणबीर और श्रद्धा अभिनीत लव रंजन की फिल्म की शूटिंग 20 जून से होगी शुरू



देश में काफी दिनों से कोरोना के मामलों में कमी देखने को मिल रही है। हालात काबू में होने के बाद कई राज्यों ने लॉकडाउन के प्रतिबंधों में ढील दी है। उम्मीद है कि कुछ दिनों में महाराष्ट्र में भी फिल्मों की शूटिंग की इजाजत मिल जाएगी। अब रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर अभिनीत लव रंजन की आगामी फिल्म को लेकर एक जानकारी सामने आई है। खबरों की मानें तो फिल्म की शूटिंग 20 जून से शुरू हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, रणबीर और श्रद्धा अभिनीत लव की फिल्म का शूटिंग शेड्यूल 20 जून से शुरू हो सकता है। बताया जा रहा है कि लव और उनकी टीम 20 जून से फिल्म की शूटिंग शुरू करने की योजना पर काम कर रही है। फिल्म के आगामी शेड्यूल में लव फिल्म के भावनात्मक दृश्यों को फिल्माएंगे। इसमें मुख्य भूमिका में बोनी कपूर और डिंपल कपाड़िया हैं। ये दोनों रणबीर के पैरेंट्स की भूमिका में दिखेंगे। सूत्र की मानें तो फिल्म के तीसरे शेड्यूल की शूटिंग दिल्ली या उत्तर प्रदेश में हो सकती है। यह राज्य में लगे लॉकडाउन के प्रतिबंधों पर निर्भर करेगा। इन राज्यों में शूटिंग के लिए लाइव लोकेशंस की आवश्यकता होगी। इस फिल्म के छोटे-से हिस्से को स्पेन में फिल्माया जाएगा। मेकर्स भारत के हिस्से की शूटिंग जल्द खत्म करने की योजना बना रहे हैं। इसके बाद फिल्म की टीम सितंबर में यूरोपीय देश के लिए उड़ान भरेगी। फिल्म का शीर्षक निर्धारित नहीं किया है। यह फिल्म अगले साल मार्च में होली के मौके पर 18 मार्च को रिलीज होगी। फिल्म का निर्माण लव और अंकुर गर्ग करेंगे। इससे पहले लव प्यार का पंचनामा और कॉमेडी रोमांस फिल्म सोनू के टीटू की स्वीटी का निर्देशन कर चुके हैं। लव पहली बार इस फिल्म में रणबीर और श्रद्धा के साथ काम करने जा रहे हैं। रणबीर और श्रद्धा की जोड़ी को भी किसी फिल्म में पहली बार देखा जाएगा। श्रद्धा कपूर इस साल अपनी आगामी फिल्म स्त्री 2 में नजर आ सकती हैं। इस फिल्म में उनके साथ अभिनेता राजकुमार राव दिखेंगे। यह फिल्म इसी साल रिलीज हो सकती है। रणबीर की आगामी फिल्मों की बात करें तो वह अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी फिल्म ब्रह्मास्त्र को लेकर चर्चा में हैं। इसके बाद वह करण मल्होत्रा की शमशेरा में दिखेंगे। इस फिल्म में उनके साथ संजय दत्त और वाणी कपूर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

00



# आरआरआर के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर के साथ मनाइए भारतीय सिनेमा के शानदार गौरव का जश्न, ज़ी सिनेमा पर

9 राम चरण और जूनियर एनटीआर की दमदार जोड़ी और आलिया भट्ट एवं अजय देवगन के अभिनय से सजी इस मल्टीस्टारर फिल्म का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर देखिए 14 अगस्त को रात 8 बजे ज़ी सिनेमा पर 9 एक ऐसी फिल्म जिसमें बेमिसाल सिनेमाई अनुभव का %राइज़% (उदय) हुआ, जिसकी %रोअर% (दहाड़) दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर सुनाई दी और जिसने दर्शकों को सिनेमाघरों में वापस लाने के लिए एक %रिवॉल्ट% (बगावत) छेड़ दिया! इस साल की बेमिसाल फिल्म एवं भव्य शाहकार %आरआरआर% का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर होने जा रहा है, जहां ज़ी सिनेमा के दर्शकों को पहली पंक्ति की सीटें मिलेंगी! अपने भव्य सिनेमाई प्रस्तुतिकरण के लिए सराहे जाने वाले फिल्मकार एसएस राजामौली ने %आरआरआर% के रूप में एक मास्टरपीस बनाई है, जिसमें न सिर्फ भारतीय सिनेमा के दो पावरहाउस - राम चरण और जूनियर एनटीआर हैं, बल्कि अजय देवगन और आलिया भट्ट जैसे जाने-माने चेहरे भी हैं। इस मल्टीस्टारर फिल्म ने दुनिया भर की एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री को हिलाकर रख दिया है। देश की आज़ादी से पहले का दौर दिखाती आरआरआर हमें गहरी दोस्ती, अविश्वसनीय जोश, हैरतअंगेज एक्शन, मासूम रोमांस और जबर्दस्त ड्रामा के रोमांचक सफर पर ले जाती है, जो आपको आराम से बैठकर इस फिल्म का मज़ा लेने और अपने पसंदीदा स्टार के लिए सीटी




मारने पर मजबूर कर देगी। तो इस इंडिपेंडेंस वीक में तारीख तय कर लीजिए और भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की इस ऐतिहासिक फिल्म आरआरआर का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर देखने के लिए तैयार हो जाइए, 14 अगस्त को रात 8 बजे सिर्फ ज़ी सिनेमा पर। भारत में निर्मित मेगा मल्टीस्टारर फिल्म आरआरआर 550 करोड़ रुपए के बजट में बनाई गई सबसे महंगी फिल्मों में से एक है। इसके शानदार विजुअल ग्राफिक्स ने पर्दे पर सबसे भव्य तरीके से इस कहानी को प्रस्तुत किया और इसे न सिर्फ राष्ट्रीय फिल्म जगत में जमकर तारीफें मिलीं बल्कि इसे अंतर्राष्ट्रीय इंडस्ट्री में भी खूब सराहा गया। यहां प्रस्तुत हैं इस फिल्म की तारीफ में कही गई कुछ नायाब बातें

आरआरआर में गज़ब का पागलपन है और ये कमाल का है। यह ऐसा है जैसे माइकल बे और बैज़ लुरमन और स्टीफन चाओ मिलकर कोई फिल्म बनाएं। यह 3 घंटे लंबी फिल्म थी, लेकिन यह 4 घंटे की हो सकती थी और मैंने तब भी इसे एंजॉय किया होता। क्रिस्टोफर मिलर (डायरेक्टर - 21 जंप स्ट्रीट, द लीगो मूवी, स्पाइडर मैन ¬इंटू द स्पाइडर-वर्स) क्या किसी एक ही मूवी में और भी मूवी हो सकती है? क्या सफर है! इतने दिनों बाद भी इसके बारे में सोच रहा हूं। जॉन स्पैट्स (स्क्रीन राइटर - ड्यून, डॉक्टर स्ट्रेंज और पैसेंजर्स) एक फिल्म का क्या अद्भुत और जबर्दस्त सफर है। बहुत पसंद आई। स्कॉट डेरिकसन (डायरेक्टर - डॉक्टर स्ट्रेंज) यह सबसे क्रेज़ी, सबसे ईमानदार, सबसे अजीबोगरीब ब्लॉकबस्टर है, जो मैंने कभी देखी है। मुझे यकीन है कि जेस और मैं इस सप्ताह फिर से इसे देख रहे हैं। सी. रॉबर्ट कारगिल (स्क्रीनराइटर - डॉक्टर स्ट्रेंज) इस फिल्म के प्रति बेपनाह प्यार सिर्फ इन्हीं लोगों तक सीमित नहीं है। जेम्स गन (निर्देशक - गार्जियंस ऑफ द गैलेक्सी और द सुसाइड स्क्वाड), जोसेफ मॉर्गन (एक्टर - द ओरिजिनल्स और द वैंपायर डायरीज़), ऐलिस एक्स झांग (मार्वल और डिज़्नी फिल्म्स में इलस्ट्रेटर) और जैक्सन लैंज़िंग (लेखक - कैप्टन अमेरिका और बैटमैन बियॉन्ड) जैसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जाने-माने नामों ने भी इस फिल्म पर तारीफों की बरसात की है। आरआरआर जैसी भव्य फिल्म के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर की घोषणा के लिए ज़ी सिनेमा कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। ज़ी के हिन्दी मूवी क्लस्टर के 9 चैनलों पर प्रोमो के साथ इस फिल्म के प्रीमियर की तारीख और समय लॉन्च किया गया। ताकि दर्शक इस भव्य फिल्म के लिए अपने कैलेंडर पर तारीख मुकर्रर कर लें। आम तौर पर इस तरह का अभियान फिल्मों के सिनेमाघरों में रिलीज़ की घोषणा के लिए चलाया जाता है, लेकिन आरआरआर के साथ पहली बार इस चैनल ने वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर के लिए इतने बड़े स्तर पर घोषणा की है। यह फिल्म दो महान क्रांतिकारियों की कहानी है, जो अपनी मातृभूमि के लिए लड़ रहे हैं। हालांकि राम और भीम की वीरता का यह सफर अलग-अलग शुरू होता है, लेकिन अपने लोगों के लिए अंग्रेजी हुकूमत से लड़ने का उनका अटूट हौसला उन्हें एक साथ ले आता है। आज़ादी से पहले के दौर पर आधारित आरआरआर दोस्ती और साहस का एक ऐतिहासिक उत्सव है।

## जवाहिरी का खात्मा

अमेरिका ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में अलकायदा सरगना अल जवाहिरी को एक ड्रोन स्ट्राइक में मार गिराया है। खुफिया सूचना मिलने के बाद रविवार दोपहर ही जवाहिरी पर ड्रोन स्ट्राइक की गई थी, जिसमें उसकी मौत हो गई। जवाहिरी ने 2011 में अलकायदा के संस्थापक ओसामा बिन लादेन के मारे जाने के बाद इस आतंकी संगठन की कमान संभाली थी। यह ड्रोन स्ट्राइक अमेरिकी खुफिया एजेंसी की स्पेशल टीम ने की। जवाहिरी अगस्त 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान की सरकार आने के बाद से ही काबुल में रह रहा था। वहीं अमेरिकी एक्शन पर तालिबान भड़क गया है और इसे दोहा समझौते का उल्लंघन बताया है। 11 सितंबर 2001 को 19 आतंकियों ने 4 कॉमर्शियल प्लेन हाइजैक कर अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर टकरा दिए थे। अमेरिका में इसे 9/11 अटैक के नाम से जाना जाता है। इस अटैक में 93 देशों के 2 हजार 977 लोग मारे गए थे। इस हमले में ओसामा बिन लादेन, अल जवाहिरी समेत अलकायदा के सभी टेररिस्टों को अमेरिकी जांच एजेंसी ने आरोपी बनाया था। जवाहिरी को मारने के लिए अमेरिका इससे पहले भी कई बार कोशिश कर चुका था। 2001 में जवाहिरी के अफगानिस्तान के तोरा बोरा में छिपे होने की सूचना मिली थी। मगर, हमला होने से पहले जवाहिरी भाग निकला। हालांकि, इस हमले में उसकी बीवी और बच्चे मारे गए। वहीं 2006 में जवाहिरी को मारने के लिए अमेरिकी खुफिया एजेंसी ने फिर से जाल बिछाया था। उस वक्त पाकिस्तान के दामदोला में उसके छिपे होने की सूचना मिली थी। मगर, मिसाइल हमला होने से पहले जवाहिरी वहां से भाग निकला था। अल जवाहिरी ने इसी साल अप्रैल में 9 मिनट का एक वीडियो जारी किया था। वीडियो में उसने फ्रांस, मिस्र और हॉलैंड को इस्लाम विरोधी देश बताया था। वीडियो में जवाहिरी ने भारत में हिजाब विवाद को लेकर भी बेतुका बयान दिया था। अल जवाहिरी का जन्म 19 जून 1951 को मिस्र के एक संपन्न परिवार में हुआ था। अरबी और फ्रेंच बोलने वाला जवाहिरी पेशे से सर्जन था। 14 साल की उम्र में वह मुस्लिम ब्रदरहुड का सदस्य बन गया था। 1978 में उसने काहिरा विश्वविद्यालय की दर्शनशास्त्र की छात्रा अजा नोवारी से शादी की। कॉन्टिनेंटल होटल में हुई इस शादी ने उस समय के उदारवादी काहिरा में सबका ध्यान खींचा, क्योंकि शादी में पुरुषों को महिलाओं से अलग कर दिया गया। फोटोग्राफरों और संगीतकारों को दूर रखा गया। यहां तक कि हंसी-मजाक करने पर भी पाबंदी थी। जवाहिरी ने इजिप्टियन इस्लामिक जिहाद का गठन किया। ये एक ऐसा उग्रवादी संगठन था जिसने 1970 के दशक में मिस्र में सेक्युलर शासन का विरोध किया था। उसकी इच्छा थी कि मिस्र में इस्लामिक हुकूमत कायम हो। 1981 में मिस्र के राष्ट्रपति अनवर सादात की हत्या के बाद जवाहिरी उन सैकड़ों लोगों में शामिल था, जिन्हें गिरफ्तार कर प्रताड़ित किया गया। तीन साल जेल में रहने के बाद वह देश छोड़कर सऊदी अरब आ गया। सऊदी आने के बाद वह एक मेडिसिन विभाग में प्रैक्टिस करने लगा। सऊदी में ही अल जवाहिरी की मुलाकात अलकायदा प्रमुख ओसामा बिन लादेन से हुई। इसके बाद दोनों पूरी दुनिया के लिए मुसीबत बन गए। अब यह मुसीबत हमेशा के लिए खत्म हो गई है। जवाहिरी ने अमेरिकी हमले में ओसामा बिन लादेन की मौत के बाद संगठन की कमान अपने हाथ में ली थी। 2011 में वह अलकायदा का प्रमुख बना था।

# सत्ता के लिये धार्मिक परम्परायें सर्वोपरि या संविधान की रक्षा?

निर्मल रानी



पिछले दिनों सेंट्रल विस्टा नामक परियोजना के अंतर्गत भारत के नव निर्माणाधीन संसद भवन पर अशोक स्तंभ की एक विशालकाय विवादित प्रतिमा स्थापित की गयी। जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिन्दू रीति रिवाज एवं कर्मकाण्ड के साथ किया। यह वह अशोक स्तंभ है स्वरूप है जो भारतीय संविधान के मुख्य पृष्ठ पर अंकित है। और इसी संविधान का अनुच्छेद 51॰ प्रत्येक भारतीय नागरिक के लिये अनेक कर्तव्य सुनिश्चित करता है। और इसी क्रम में यह उल्लेख है कि प्रत्येक नागरिक भारत की प्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे, भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो। वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे तथा व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरंतर बढ़ते हुए प्रयत्न और उपलब्धि की नई ऊँचाइयों को छू ले। सवाल यह है कि क्या प्रधानमंत्री द्वारा अशोक स्तंभ के उद्घाटन के समय किया जाने वाला कर्मकाण्ड संविधान की उक्त परिभाषा के अंतर्गत सही था ? इस के अलावा भी भारत के प्रधानमंत्री भारत नेपाल अथवा अन्य किसी देश में किसी मंदिर अथवा धार्मिक आयोजन में शरीक होते हैं तो उनका पहनावा देखकर तो कोई यह कह ही नहीं सकता कि वे किसी धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के प्रधानमंत्री हैं। बल्कि ऐसा प्रतीत होता कि भारत को जिस हिन्दू राष्ट्र बनाने की बात की जा रही है वह हिन्दू राष्ट्र बन चुका है और यही उस %हिन्दू राष्ट्र के पहले प्रधानमंत्री% हैं।

दो वर्ष पूर्व राफ़ेल लड़ाकू विमान के पूजा पाठ यहाँ तक कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा विमान पर निम्बू व हरी मिर्च लटकाने जैसी अंधविश्वासपूर्ण परंपरा का पूरी दुनिया में मज़ाक़ उड़ाया गया। क्या इन्हीं अंधविश्वासी %कारगुज़ारियों % से संविधान के अनुरूप %जनता में वैज्ञानिक और मानववादी चिंतन विकसित% किया जायेगा? कभी इसी अंधविश्वासी कुनबे का कोई नेता यहां तक दावा कर बैठता है कि हमारे मंत्रोच्चारण मात्र से चीन की सेना पराजित हो जायेगी। कहीं कांवड़ियों पर उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पुष्प वर्षा कराई जा रही है और मुख्यमंत्री स्वयं हेलीकॉप्टर से कांवड़ यात्रियों का अभिवादन कर रहे हैं। तो कहीं उत्तरांचल के मुख्यमंत्री कांवड़ियों के पैर धोते दिखाई दे रहे हैं। राष्ट्रपति का उम्मीदवार बनने के बाद द्रौपदी मुर्मू विभिन्न मंदिरों में झाड़ू लगाती नज़र आईं। कहीं ब्राह्मण मण्डली द्वारा कथित तौर पर उनका शुद्धिकरण किये जाने के वीडिओ वायरल हुए। प्रधानमंत्री,उनके अनेक मंत्रिमंडलीय सहयोगी तथा अनेक भाजपाई मुख्य मंत्रियों व मंत्रियों से जुड़ी इसी तरह की अनेक ख़बरें व उनके चित्र अक्सर सामने आते रहते हैं।

परन्तु पिछले दिनों ठीक इसके विपरीत एक समाचार तमिलनाडु राज्य की धर्मपुरी लोकसभा क्षेत्र से प्राप्त हुआ। इस क्षेत्र के लोक सभा सदस्य डॉक्टर सेंथिल कुमारको पी डब्ल्यू डी द्वारा शुरू की जाने वाली एक सड़क परियोजना के शुभारंभ के लिये आमंत्रित किया गया था। विभाग की ओर से अवसर पर भूमि पूजन कराये जाने के उद्देश्य से ब्राह्मणों को भी आमंत्रित किया गया था। समारोह स्थल पर जब सांसद ने पूजा सामग्री सहित ब्राह्मण को मौजूद देखा उसी समय वे आग बबूला हो उठे। उन्होंने सवाल किया कि यहाँ केवल ब्राह्मण ही क्यों? चर्च के फ़ादर इमाम आदि क्यों नहीं? सभी को इसमें शामिल करना चाहिये? उन्होंने निर्देश दिया कि भविष्य में किसी भी सरकारी समारोह में किसी धर्म विशेष के लोगों को न बुलाया जाये। क्योंकि यही तमिलनाडु का द्रविण मॉडल है और मुख्य मंत्री एम के स्टालिन भी यही चाहते हैं। ग़ौर तालाब है कि मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के किसी भी उद्घाटन समारोह की शुरुआत किसी भी धर्म विशेष के धार्मिक रीति रिवाजों से नहीं की जाती है। बल्कि संविधान उल्लिखित धर्मनिरपेक्ष बिंदुओं का ही पालन किया जाता है। बेशक उत्तर भारतीय राजनीतिज्ञों की नज़रों में दक्षिण भारत के केरल व तमिलनाडु जैसे राज्य खटकते रहते हों परन्तु हक़ीक़त यह है कि अपनी इसी संवैधानिक,धर्मनिरपेक्ष व संविधान सम्मत सोच व विचारधारा के चलते ही आज जहां केरल में 0.7 तथा तमिलनाडु में 4.9 प्रतिशत ग़रीबी है वहीं बिहार,उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश में क्रमशः 51.9,37.8 तथा 36.7 प्रतिशत ग़रीबी है। इन राज्यों में शिक्षा का आंकड़ा भी कम-ो-बेश इसी अनुपात में है।

प्रायः विभिन्न मंचों पर यह बहस होती ही रहती है कि मानववादी चिंतन तथा वैज्ञानिक व तर्कशील सोच हमें और हमारे देश को आगे ले जाएगी या फिर धार्मिक रीति रिवाज,उनकी आड़ में पनपने वाले पाखण्ड,दक़ियानूसी सोच और इसी से जुड़ी वोट बैंक की वह राजनीति जो किसी धर्म विशेष को प्रसन्न कर सत्ता तक पहुँचने में सहायक होती है ? इतिहास में यह दर्ज है कि जब ग़ज़नवी ने सोमनाथ मंदिर को लूटा उस समय भी वहां मौजूद ब्राह्मण मण्डली वहां उपस्थित हज़ारों लोगों को यह विश्वास दिलाती रही कि अभी श्लोकों के उच्चारण से ग़ज़नवी की सेना तबाह हो जाएगी। परन्तु आक्रांता ग़ज़नवी मंदिर का सोना लूट कर ले भागा और सैकड़ों लोगों की हत्या कर दी। कितना हास्यास्पद है कि आज चीन से लड़ने के लिये फिर से वही भाषा बोली जा रही है ? अतीत से हम कोई सबक़ सीखने के बजाये उसी दक़ियानूसी व अवैज्ञानिक विचारों को फिर खाद पानी दे रहे हैं ? जिस गाय के गोबर और गौमूत्र को पूरे विश्व के किसी भी आधुनिकतम व प्रगतिशील देश में कोई वैज्ञानिक महत्व व मान्यता न दी जा रही हो उस गोबर और गौमूत्र को हम जबरन औषधि यहाँ तक कि %अमृत% के रूप मान्यता देने के लिये व्याकुल हैं। ऐसे ही अवैज्ञानिक प्रयासों के अंतर्गत कहीं किसी धर्म विशेष का धर्मग्रन्थ स्कूलों में पढ़ाया जाने लगा तो कहीं ज्योतिष विद्या सिखाए जाने का समाचार मिल रहा है। जो कभी दूसरों पर तुष्टीकरण का आरोप लगाया करते थे उन्होंने अपनी %कारगुज़ारियों % को तृप्तीकरण का नाम दे दिया है।

धर्म विशेष के %धर्म भीरुओं %को हो सकता है यह सब अच्छा भी लग रहा हो। हो सकता है कि किसी को मज़ार पर चादरें चढ़ाना और इफ़्तार पार्टी से सुकून मिलता हो। परन्तु केरल और तमिलनाडु जैसे जो राज्य धर्म के बजाये वैज्ञानिक सोच को प्राथमिकता देते हों वहां की शिक्षा व आर्थिक सम्पन्नता का स्तर देखकर तो ऑखें खोलनी ही चाहिए और यह स्थिति यह सोचने के लिये भी काफ़ी है कि आख़िर सत्ता के लिये धार्मिक परम्परायें सर्वोपरि हैं या संविधान की रक्षा?

### इस तरह रामचरित मानस बना धर्म शास्त्र

करीब पांच सौ साल पहले तक कोई धर्म ग्रंथ हिंदी में नहीं था। सभी धर्म ग्रंथ संस्कृत में थे और चूंकि मध्य काल में शिक्षा दीक्षा का चलन काफी कम हो गया था, भक्ति भावना या धर्म श्रद्धा के लिए लोग संस्कृत विद्वानों की ओर ही ताकते थे। ऐसा कोई शास्त्र नहीं था, जो लोगों की अपनी भाषा में हो। गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस लिख कर एक समाधान दिया था, लोकिन कठिनाई यह थी कि विद्वानों और धर्माचार्यों ने इसे मान्यता नहीं दी। इसलिए धर्म भावना से भरे लोगों के मन में यह फांस अटकी रहती थी कि वे राम कथा से तो प्रेरणा ले रहे हैं लेकिन उनकी जानकारी का जो स्त्रोत है, वह धर्म शास्त्र नहीं है। क्योंकि धर्मशास्त्र तो संस्कृत में ही हो सकता है। पुरानी मान्यता है कि कोई शास्त्र अथवा ग्रंथ लोकप्रिय होने से स्वीकार्य नहीं हो जाता। स्वीकार्य वह रचना होती है जिसे विद्वतजनों ने मान्यता दी हो। तुलसीदास के मन में मानस की शुरुआत करते ही यह बात आई थी। उन्होंने हिंदी में ही रामकथा की रचना शुरू की। दो वर्ष सात महीने और छब्बीस दिन में सन् 1576 में यह रचना पूरी हुई। कहते हैं कि रचना लेकर गोस्वामी जी काशी चले गए। वहां विश्वनाथ मंदिर में पहली बार इसका पाठ किया। वहां पंडितों ने रचना को सराहा तो सही लेकिन संस्कृत में नहीं होने की वजह से इसे काव्य की मान्यता नहीं दी। गोस्वामीजी इससे क्षुब्ध हो गए। मानस के संबंध में प्रचलित किवदंतियों के अनुसार काशी विश्वनाथ मंदिर में रखे जाने के बाद ग्रंथ पर सत्यम, शिवम सुंदरम के साथ भगवान शिव का नाम लिखा मिला। अनुश्रुति के अनुसार यह काशी विश्वनाथ की स्वीकृति थी। लेकिन इस कहानी को मनगढंत माना गया है। रामचरितमानस के संबंध में इस तरह की कितनी ही कहानियां प्रचलित है जो उसकी महिमा को व्यक्त करती है।

## नेता बांटें रेवड़ी, चुन-चुन कर दें

अनिल बिहारी श्रीवास्तव

सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों द्वारा चुनावों के समय किए जाने वाले मुफ्त के वादों यानी फ्रीबी पर केंद्र सरकार का स्टैंड जानना चाहा है। केंद्र से इस समस्या के ठोस समाधान की रुपरेखा मांगी गई है। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल की सलाह पर सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को निर्देश दिए हैं कि वित्त आयोग से परामर्श कर ऐसा रास्ता बताये जिससे राजनीतिक दलों द्वारा चुनावों के समय मुफ्त के वादों से मतदाताओं को लुभाने की प्रवृति पर अंकुश लगाया जा सके। इससे पहले 3 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने चुनावों में मतदाताओं को लुभाने के लिए राजनीतिक दलों की ओर से मुफ्त योजनाओं की घोषणा पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका नामंजूर कर दी थी। इसी तरह की लंबित दूसरी याचिका पर सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस की अगुआई वाली तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि %इस गंभीर विषय पर सरकार स्टैंड लेने से क्यों झिझक रही है।% अनुभव यह रहा है कि अबतक चुनाव आयोग और केंद्र दोनों ही इस मुद्दे पर अपनी ओर से किसी पहल से बचते रहे हैं। चुनाव आयोग का कहना है कि %उसके पास ऐसी शक्तियां नहीं जिनके बूत रेवड़ी कल्चर की समस्या से निबटा जा सके।% चुनाव आयोग का मानना है कि सरकार ही कानून बना कर इस कुसंस्कृति को पसरने से रोक सकती है। दूसरी ओर सरकार का कहना है कि चुनाव आयोग अपने अधिकारों का उपयोग कर मुफ्त वादों की प्रवृत्ति पर अंकुश लगा सकता है। पिछले एक पखवाड़े में रेवड़ी कल्चर पर केंद्र सरकार के दृढ़ और स्पष्ट दृष्टिकोण के संकेत मिले हैं। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण समारोह के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था कि %देश की राजनीति से मुफ्त की रेवड़ी संस्कृति खत्म करेंगे। उन्होंने सावधान किया-यह घातक है इससे देश को नुकसान हो रहा है। रेवड़ी कल्चर वाले कभी एक्सप्रेस-वे, डिफेंस कारिडोर, एयरपोर्ट नहीं बनाएंगे। वह तो रेवड़ी में (मतदाता को) फंसा कर खुद के खजाने भरेंगे।% एक सर्वदलीय बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रेवड़ी कल्चर पर चिंता व्यक्त की है। विदेश मंत्री ने कहा कि %लोगों को मुफ्त में सामान या सेवायें देने के जो परिणाम दुनिया सामने आ रहे हैं उनसे हमें सबक लेना होगा।% सुप्रीम कोर्ट के ताजा रुख और मोदी की टिप्पणी से उम्मीद जागी है। जल्द ही कोई बड़ा कदम उठाया जा सकता है। अंग्रेजी में एक शब्द है-डिटॉक्सिफिकैशन। अर्थ है, विषाक्तता दूर करना। समय आ गया है कि राजनीति से रेवड़ी कल्चर के जहर को निकाल फेंका जाए।

राजनीति दो प्रकार की होती है। पहली, जनता को आश्रित बनाने वाली और दूसरी, जनता को सक्षम बनाने का प्रयास करने वाली। रेवड़ी कल्चर जनता को आश्रित बनाने वाली राजनीति का हिस्सा है। मुफ्त के वादे या फ्रीबी या रेवड़ी कल्चर इसी दूसरे प्रकार की राजनीति का हिस्सा है। इसमें वादे करने वालों की अपनी जेब से कौड़ी खर्च नहीं होती। रेवड़ी कल्चर आज की बात नहीं है। अतीत में झांकें तो पाएंगे कि पिछले तीन-चार दशकों से यह समस्या लगातार फैलती जा रही है। कुछ जानकार बताते हैं कि फ्रीबी शुरूआत दक्षिणी राज्यों खासकर तमिलनाडु से हुई थी। चुनावों प्रचार के समय मुफ्त टीवी, मंगलसूत्र या अन्य तरह के उपहार देने के वादे किए जाते रहे हैं। चुनाव जीतने पर लोगों को कई बार ये उपहार दिये भी जाते रहे। समय बदला, अब यह समस्या हर तरह दिखाई देने लगी। उपहार की वेरायटीज बढ़ीं। मोबाइल फोन, लेपटॉप, साइकिलें दी जाने लगीं। कतिपय राजनेता और राजनीतिक दल मुफ्त बिजली देने की बातें और वादे ऐसे करते हैं जैसे उनके पूर्वज उनके लिए निजी बिजली घर छोड़ गए हों। मुफ्त पानी और महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा की सुविधा तक दी जाने लगी। कई बार लगता है कि केजरीवाल की आम आदमी पार्टी इस होड़ में दूसरों को पीछे छोड़ चुकी है। उन्हें इसमें कुछ गलत नहीं लगता। कोई विरोध करे तो नीरव मोदी, मेहुल चौकसी और विजय माल्या का नाम लेकर केंद्र सरकार को कोसने लगते हैं। आपियों को अंबानी और अडानी पर खीझ उतारते भी देखा जा सकता है। यह काम लोगों से नाना प्रकार के टैक्स वसूल कर सरकारी खजाने में आने वाले धन को फूंक किया जाता है। पंजाब में विधानसभा चुनावों के समय आम आदमी पार्टी ने राज्य की महिलाओं को मासिक भत्ता देने की घोषणा की थी। इस राज्य की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं बताई जा रही लेकिन %सरजी% ने वादा किया है, वो निभाना तो पड़ेगा।

# प्रकृति झेल रही है जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता के नुकसान के दोहरे संकट को!

### सूडोकु नवताल- 6152

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6151 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

आजाद सिंह डबास

प्रतिवर्ष 28 जुलाई को ''विष्व प्रकृति संरक्षण दिवस'' मनाया जाता है। यह दिवस पर्यावरणएवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के संबंध में जागृति फैलाने के लिए मनाया जाता है ताकि विष्व को स्वस्थ रखा जा सके।पृथ्वी की सुंदरता को बनाये रखने के लिए हमे इसके संसाधनों का ख्याल रखना होगा। इस दिवस को मनाने का प्राथमिक लक्ष्य उन वनस्पतियों और जीवों को बचाना है जिन पर विलुप्त होने का खतरा मंडरा रहा है। विष्व प्रकृति संरक्षण दिवस को मनाने का मुख्य उद्देष्य एक साथ आना और प्रकृति का समर्थन करना है। साथ ही साथ इसके दोहन से बचना है। प्रकृति का संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों का विवेक पूर्वक प्रबंधन और उपयोग है।

पृथ्वी ने हमें हवा, पानी, मिट्टी, खनिज, पेड़, जानवर, भोजन आदि जैसी जीने की बुनियादी आवष्यकताएं प्रदान की हैं। इसलिए हमें प्रकृति को स्वच्छ और स्वस्थ रखना चाहिए। प्रकृति का संरक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसकी बिगड़ती स्थिति के लिए औद्योगिक विकास सहित कई अन्य कारक जिम्मेदार हैं। हम जो कुछ भी करते हैं, वह प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से प्रकृति को प्रभावित करता है। इसीलिए हमे किसी प्रकार का कदम उठाने से पहले यह सोचना चाहिए कि इससे प्रकृति पर कोई नकारात्मक प्रभाव तो नहीं पड़ेगा। प्राकृतिक असंतुलन के कारण हम ग्लोबल वार्मिंग, विभिन्न बिमारियों, प्राकृतिक आपदाओं, तापमान में वृद्धि आदि जैसी विभिन्न समस्याओं का सामना कर रहे हैं। दुखद तथ्य यह है कि दुनिया भर में प्रकृति संरक्षण के लिए ''इटरनेषनल यूनियन फॉर कन्जर्वेषन ऑफ नेचर'' जैसे महत्वपूर्ण संगठन होने के बावजूद भी हम प्रकृति को संरक्षित करने में कामयाब नहीं हो पाये हैं।

गौरतलब है कि वर्ष 1992 में ब्राजील में विष्व के 174 देषों का '' पृथ्वी सम्मेलन '' आयोजित किया गया था। इसके पष्चात वर्ष 2002 में जोहान्सबर्ग में पृथ्वी सम्मेलन आयोजित कर विष्व के सभी देषों को पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान देने के लिए अनेक उपाय सुझाए गये। वस्तुतः प्रकृति के संरक्षण से ही धरती पर जीवन का संरक्षण हो सकता है अन्यथा मंगल ग्रह आदि ग्रहों की तरह धरती का जीवन चक्र भी एक दिन समाप्त हो जायेगा। पृथ्वी पर मनुष्य ने करीब विगत 60 लाख वर्षों में धीरे-धीरे विकास करते हुए वर्तमान स्थिति को प्राप्त किया है। प्रकृति दुनिया की सबसे बड़ी फार्मेसी है। 50 प्रतिषत से ज्यादा एफडीए व्दारा प्रमाणित दवाएं प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से किसी प्राकृतिक उत्पाद से जुड़ी हैं। आधुनिक दवाओं की खोज में विभिन्न सूक्ष्म जीव और पौधे सबसे बड़े स्त्रौत के रूप में सामने आये है। प्रकृति से छेड़-छाड़ पूरे दवा तंत्र को ही विपरीत रूप में प्रभावित कर सकता है। एक्स्ट्रीम वेदर दुनिया के लिए अगला बड़ा संकट है। एक तरफ जहां लू एवं सूखे की घटनाएं साल दर साल रिकॉर्ड तोड़ती जा रही हैं, वहीं अत्यधिक वर्षा और तूफान में दुनिया को डराना षुरू कर दिया है। इस साल यूरोप में गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिये। ताइवान (41.4 से) और होंगकॉग (38.1 से) में सबसे गर्म जुलाई महिने का तापमान रिकॉर्ड किया गया है। यूरोप के उन देषों में जहां लू की कभी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी, उनमें गर्मी के कई रिकॉर्ड टूट गये। भारत में बारिष का पैटर्न भी बदल गया है। भारत में वर्षा ने 2022 में कई रिकॉर्ड तोड़ दिये हैं। इस वर्ष असम और मेघालय में मानसून में अब तक की सबसे अधिक बारिष (858 मिली.मी) दर्ज की है तो वहीं केरल में चौथी सबसे कम (308 मिली.मी) वर्षा हुई है। 1850 के बाद से पिछले 3 दषक क्रमषः पृथ्वी के सबसे गर्म दषक रहे हैं। 2050 तक पूरा आर्कटिक बर्फ से विहीन हो सकता है। 1901-2010 की अवधि के दौरान समुद्र स्तर में 0.19 वर्ग मी. की वृद्धि हुई है। मानव के लालच के कारण आज पृथ्वी जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता के नुकसान के दोहरे संकट का सामना कर रही है। हाँलाकि पृथ्वी के पास मानव आवष्यकताओं के लिए पर्याप्त संसाधन हैं लेकिन मानव जाति अपने लालच को पूरा करने के लिए लगातार उसका षोषण कर रही है। गैर-पर्यावरण के अनुकूल मानव गतिविधियों से पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित हो रहा है। मानव-जनित पर्यावरणीय खतरों ने न सिर्फ मानव जाति के अस्तित्व को खतरे में डाल दिया है अपितु लाखों अन्य प्रजातियों को भी खतरे में डाला है।

## ताइवान पर चीन का ढोंग

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

अमेरिकी कांग्रेस (निम्न सदन) की अध्यक्षा नैन्सी पेलोसी की ताइवान-यात्रा पर सारी दुनिया का ध्यान केंद्रित हो गया था। न तो ताइवान कोई महाशक्ति है और न ही पेलोसी अमेरिका की राष्ट्रपति है। फिर भी उनकी यात्रा को लेकर इतना शोर-शराबा क्यों मच गया? इसीलिए कि दुनिया को यह डर लग रहा था कि ताइवान कहीं दूसरा यूक्रेन न बन जाए। वहां तो झगड़ा रूस और यूक्रेन के बीच हुआ है लेकिन यहाँ तो एक तरफ चीन है और दूसरी तरफ अमेरिका! यदि ताइवान को लेकर ये दोनों महाशक्तियाँ भिड़ जातीं तो तीसरे विश्व-युद्ध का खतरा पैदा हो सकता था लेकिन संतोष का विषय है कि पेलोसी ने शांतिपूर्वक अपनी ताइवान-यात्रा संपन्न कर ली है। चीन मानता है कि ताइवान कोई अलग राष्ट्र नहीं है बल्कि वह चीन का अभिन्न अंग है। यदि अमेरिका चीन की अनुमति के बिना ताइवान में अपने किसी बड़े नेता को भेजता है तो यह चीनी संप्रभुता का उल्लंघन है। अमेरिकी नेता नैन्सी पेलोसी की हैसियत राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति के बाद तीसरे स्थान पर मानी जाती है। यों तो कई अमेरिकी सीनेटर और कांग्रेसमेन ताइवान जाते रहे हैं लेकिन पेलोसी के वहां जाने का अर्थ कुछ दूसरा ही है। चीन मानता है कि यह चीन को अमेरिकी की खुली चुनौती है। चीनियों ने दो-टूक शब्दों में धमकी दी थी कि यदि नैन्सी की ताइवान यात्रा हुई तो चीन उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई किए बिना नहीं रहेगा। चीन ने ताइवान के चारों तरफ कई लड़ाकू जहाज और जलपोत डटा दिए थे और अमेरिका ने भी अपने हमलावर जहाज, प्रक्षेपास्त्र और जलपोत आदि भी तैनात कर दिए थे। डर यह लग रहा था कि यदि गल्ती से एक भी हथियार का इस्तेमाल किसी तरफ से हो गया तो भयंकर विनाश-लीला छिड़ सकती है। चीन इस यात्रा के कारण इतना क्रोधित हो गया था कि उसने ताइवान जानेवाली हर चीज़ पर प्रतिबंध लगा दिया था। ताइवान भी इतना डर गया था कि उसने अपने सवा दो करोड़ लोगों को बमबारी से बचाने के लिए सुरक्षा का इंतजाम कर लिया था। पेलोसी 24 घंटे ताइवान में बिताकर अब दक्षिण कोरिया रवाना हो गई हैं। वे ताइवानी नेताओं से खुलकर मिली हैं और अमेरिका चीन के खिलाफ बराबर खम ठोक रहा है। जो बाइडन की सरकार के लिए पेलोसी की ताइवान-यात्रा और अल-क़ायदा के सरगना अल-जवाहिरी का उन्मूलन विशेष उपलब्धि बन गई है। चीन ने जवाहिरी की हत्या पर भी अमेरिका की आलोचना की है।

# राजा दंडोतिया को कांग्रेस ने किया सभापति पद के लिए दावेदार घोषित, भाजपा ने नहीं खोले अभी तक पत्ते



### भाजपा की ओर से भावना मंडलेश्वर हर्षाना ने बताया स्वयं को दावेदार

**मुरैना।** गत दिवस निगम पार्षदों की शपथ ग्रहण के बाद अब सभापति पद के लिए सरगर्मियां तेज हो गई हैं एक और कांग्रेस ने अपनी ओर से मैंडेट जारी कर वार्ड क्रमांक 27 से विजयी पार्षद राधारमण दंडोतिया राजा को सभापति पद का दावेदार घोषित किया है। वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी ने अभी तक किसी भी पार्षद के नाम पर कोई भी मैंडेट जारी नहीं किया है, जबकि वार्ड क्रमांक 33 की पार्षद भावना मंडलेश्वर सिंह हर्षाना ने स्वयं को भाजपा की ओर से सभापति पद का दावेदार बताया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस खेमे में बहुमत से अधिक पार्षद इस समय उनके साथ हैं, वहीं दूसरी ओर भाजपा की सभापति दावेदार भावना मंडलेश्वर सिंह हर्षाना भी पूरी कोशिश कर रही है और उन्होंने बताया है कि वह भाजपा की ओर से दावेदारी प्रस्तुत कर कर रही है जिसमें भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों का पूर्ण रुप से सहयोग प्राप्त है व भाजपा से विजई पार्षद उनके साथ हैं। इसके साथ ही अन्य पार्षदों से लगातार उनकी वार्ता जारी है। अब देखना यह है कि 5 अगस्त को सभापति पद की वोटिंग के दौरान पार्षद किस दावेदार को अपना मत देते हैं और किस दल का पार्षद सभापति की कुर्सी पर विराजमान होता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कांग्रेस के 19 पार्षद के अलावा बहुजन समाज पार्टी वह निर्दलीय सहित लगभग 29 पार्षद कांग्रेस दावेदार राजा दंडोतिया के सहयोग में है। वहीं वर्तमान में भाजपा के पास 18 पार्षद मौजूद है। हालांकि जिस प्रकार कांग्रेस ने मेंडेट जारी कर राजा दंडोतिया को सभापति पद का दावेदार घोषित किया है। उस प्रकार भारतीय जनता पार्टी ने अभी तक कोई मेंडेड जारी नहीं किया है, जिससे भारतीय जनता पार्टी का चुनाव में होना संदिग्ध नजर आता है, हालांकि वार्ड क्रमांक 33 के पार्षद भावना मंडलेश्वर सिंह हर्षाना ने यह दावा किया है कि उन्हें पार्टी द्वारा सभापति पद का दावेदार बनाया गया है।

- फोटो फाइल- 03 मुरैना 01

## नैरोगेज से ब्रॉडगेज परिवर्तन कार्य में अंडर ब्रिज का निर्माण की मांग को लेकर क्रमिक भूख हड़ताल शुरू




**कैलारस।** वर्तमान में नगर कैलारस के अंतर्गत नेरोगैज से ब्रॉडगेज निर्माण का कार्य द्रुत गति से जारी है। इसके लिए दोनों ओर ऊंची दीवार बनाई जा रही है। जिसमें अस्पताल जाने के लिए वार्ड 1, 2, 3, 6, 7 के लिए कोई रास्ता नहीं रखा गया है। इससे लगभग 10 हजार की आबादी के लिए अस्पताल जाने का रास्ता बंद हो रहा है। परंपरागत रूप से कृष्ण मार्ग के सामने से कृष्ण मार्ग, कुशवाह मोहल्ला, बाल्मीकि मोहल्ला, रजक मोहल्ला, इस्लाम मार्ग, पुरानी मस्जिद गली आदि सभी बस्तियां अस्पताल के लिए आती-जाती हैं। इस संबंध में पूर्व में रेल मंत्री, केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं वरिष्ठ अधिकारियों को बस्ती के निवासियों की ओर से ज्ञापन दिए गए हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जिसके बाद वुधवार 3 अगस्त से क्रमिक भूख हड़ताल शुरू की गई है। इस भूख हड़ताल में विनोद कुमार शाक्य, सूखाराम जाटव, गफूर खान, प्रकाश जाटव बैठे हैं, जो कल तक बैठेंगे। उसके बाद भूख हड़तालियों का दूसरा जत्था बैठेगा। इससे पूर्व 27 जुलाई को स्थानीय तहसीलदार कैलारस भरत कुमार को ज्ञापन प्रस्तुत कर अस्पताल के लिए रास्ता हेतु अंडर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया है। ज्ञापन की प्रतियां कलेक्टर, एसडीएम तथा मैनेजर एनसीआर झांसी को भी भेजी गई है। ज्ञापन में मांग की गई थी, कि अस्पताल के लिए उक्त बस्तियों के आवागमन को जारी रखने हेतु कृष्ण मार्ग के सामने अंडर ब्रिज बनाया जाए। मोहल्ला वासियों ने शासन प्रशासन से जनहित में अस्पताल के लिए आवागमन के लिए अंडर ब्रिज स्वीकृत कराने का आग्रह किया है।



## सेवा निवृत सैनिक का सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किया सम्मान

**कैलारस।** गत दिवस कैलारस नगर में भारतीय सेना (आर्मी) की महार रेजिमेंट में 24 वर्ष की सेवा देकर अपने घर लौट कर आये सैनिक नरेश चन्द्र धाकड़ का सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा भव्य चल समारोह निकाल कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर शुगर कारखाना कैलारस से सैनिक के पैतृक गांव शहदपुर तक अनेकों लोगों ने सैनिक का सम्मान किया। सामाजिक कार्यकर्ता मुरारीलाल धाकड़ शिक्षक ने पौधे भेट कर सैनिक को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस समारोह में मुख्य रूप से लाखन सिंह धाकड़ संचालक एएस डिग्री कालेज, ऊदल सिंह धाकड़ प्रभारी प्राचार्य, मातादीन धाकड़ समाज सेवी, शहदपुर के सरपंच टिन्कू धाकड़, सुबोध उपाध्याय पूर्व सरपंच, मनीराम धाकड़ पूर्व सरपंच के अलावा सैकड़ों युवा सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सैनिक का सम्मान किया। कार्यक्रम के समापन पर एक भोज का भी आयोजन किया। रिटायर्ड सैनिक ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि मैं अब समाज की कड़ी में जुडकर समाज हितों के लिए काम करूँगा।

## दस्तक अभियान 31 अगस्त तक रहेगा जारी

**मुरैना।** पाँच साल तक के बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण के स्तर को ठीक रखने के उद्देश्य से दस्तक अभियान 31 अगस्त तक जारी रहेगा। अभियान में एएनएम, आशा और आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का संयुक्त दल घर-घर जाकर 5 वर्ष तक की उम्र के बच्चों के स्वास्थ्य की जाँच कर बीमारियों की पहचान करेगा। साथ ही उचित उपचार करवाना भी सुनिश्चित करेगा। इसके अलावा इस अवधि में सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा अभियान भी संचालित कर छोटे बच्चों में होने वाले दस्त रोग की पहचान प्रबंधन और उपचार के विषय में लोगों को जानकारी दी जाएगी।

## ग्राम करारी-भटारी की महिलायें आजीविका मिशन का कर रही गुणगान

**मुरैना।** मुरैना विकासखण्ड के ग्राम करारी-भटारी के सीताराम स्व-सहायता समूह की महिलायें आजीविका मिशन का गुणगान कर रहीं है। क्योंकि आजीविका मिशन से स्व-सहायता समूह में नहीं जुड़ती तो, शायद वे परिवार के घर-गृहस्थी में सहयोग नहीं कर पाती तो घर-गृहस्थी की गाड़ी उनके पति पर ही निर्भर रहतीं। एक व्यक्ति की मजदूरी से घर-गृहस्थी चलाना मुश्किल है।

ग्राम करारी-भटारी के सीताराम स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती मिथलेश बघेल ने बताया कि वर्ष 2018 में मैंने मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर समूह का गठन किया। समूह में गरीब 15 महिलायें जोड़ी गई। जिनके परिवार में पति मजदूरी करते थे और महिलायें घर-गृहस्थी का काम करने के बाद फुरसत के पल काट रहीं थी। परिवार में पैसे की आवक कम थी, आये दिन घर खर्च के लिये पैसे कम पड़ जाते थे। समूह से जुड़कर वे महिलायें धीरे-धीरे सिलाई का कार्य करने लगीं। पिछले कोरोनाकाल में उन्होंने मास्क, सेनेटाइजर के अलावा पीपीई किट भी बनाई। जिससे जो आय प्राप्त हुई, उससे उनके घर खर्च बेहतर तरीके से चलने लगा। केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा ''हर घर तिरंगा'' अभियान 13 से 15 अगस्त 2022 तक चल रहा है। जिसमें मुरैना जिले के साढ़े 3 लाख झण्डे तैयार करने का लक्ष्य जिला प्रशासन ने इस समूह को सौंपा है। जिसमें सीताराम स्व-सहायता समूह को भी 10 हजार झण्डे बनाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसे हम दो दिवस में पूर्ण कर लेंगे। प्रति झण्डे से 2 रूपये के मान से 2 हजार रूपये की आय प्राप्त होगी। जो समूह की महिलाओं को समान रूप से वितरित कर दी जायेगी। जिससे समूह की महिलायें अपने घर खर्च में सहयोग कर सकेंगी।



## घूस लेने वाले पटवारी को 05 वर्ष का सश्रम कारावास व अर्थदण्ड

**मुरैना।** विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम), जिला मुरैना के न्यायालय द्वारा जगदीश प्रसाद डण्डौतिया पुत्र मनोहर सिंह डण्डौतिया, आयु- 60 वर्ष, (निलंबित पटवारी) निवासी- सिविल लाईन, मुरैना को घूसखोरी के आरोप में 05 वर्ष का सश्रम कारावास व कुल 50,000/- रूपये का अर्थदण्ड तथा रामदीन शर्मा पुत्र रामप्रसाद शर्मा आयु 75 वर्ष सेवानिवृत्त राजस्व विभाग निवासी मुरैना को 04 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 25 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन अधिकारी/मीडिया सेल प्रभारी श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने बताया कि आवेदक गिर्राज जाटव ने लोकायुक्त पुलिस को शिकायत की थी कि उसके पिताजी द्वारा 18-20 साल पहले फूल सिंह यादव से 03 बीघा कृषि भूमि उसके एवं उसके भाई के नाम खरीदी थी, जिसका 02 वर्ष पहले सीमांकन पटवारी जगदीश डण्डौतिया ने किया था और उसकी जमीन में 05 आरे जमीन कम कर के फूल सिंह यादव के हिस्से में निकाल दी थी, तब गिर्राज जाटव ने पटवारी जगदीश डण्डौतिया से जमीन का बटांकन करने के लिये कहा तो पटवारी जगदीश डण्डौतिया द्वारा उससे 15 हजार रूपये रिश्वत की मांग की थी। गिर्राज जाटव उसे रिश्वत न देकर रंगे हाथ पकडवाना चाहता था, तब गिर्राज जाटव लोकायुक्त से वॉइस रिकॉर्डर लेकर पटवारी जगदीश डण्डौतिया से मिला तो उसने 30 हजार रूपये रिश्वत मांगी, जिसे रिकॉर्ड कर आवेदक गिर्राज जाटव लोकायुक्त के पास गया और लोकायुक्त पुलिस ने 24 जुलाई 2014 को मुरैना में पटवारी जगदीश डण्डौतिया के निवास पर आकर गिर्राज जाटव द्वारा पटवारी जगदीश डण्डौतिया के कहने पर रामदीन शर्मा को रिश्वत राशि 10 हजार रूपये देते समय रंगे हाथों पकड लिया। लोकायुक्त पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही कर अभियोग पत्र न्यायालय मुरैना में पेश किया जिसपर अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक रोशनलाल छापरिया एवं निर्मल कुमार अग्रवाल द्वारा साक्ष्य एवं तर्क के आधार पर न्यायालय में अपना पक्ष रखा। जिस पर से विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) ने अपना फैसला सुनाया।

## आचार्य आनंद क्लब का हरियाली महोत्सव: रैंप पर उतरी महिलाओं ने की पौधे लगाने व पेड़ बचाने की अपील

### कार्यक्रम में खनकी चूड़ीं, चमकी बिंदी, सजी मेहंदी और सावन के गीतों पर थिरकीं महिलाएं,





**अम्बाह।** आचार्य आनंद क्लब का दो दिवसीय हरियाली महोत्सव रैंप पर उतरी महिलाओं द्वारा पौधे लगाओ-पेड़ बचाओ की अपील के साथ संपन्न हुआ। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद अध्यक्ष मधुरिमा तोमर और आचार्य आनंद क्लब के अध्यक्ष डॉ सुधीर आचार्य एवं डॉ प्रगति शर्मा ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। समापन बेला में बतौर अतिथि मुरैना की समाजसेवी भावना जैन, जेसीआई अध्यक्ष मधू सिंघल, सचिव ज्योति मोदी अपनी टीम के साथ विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इसके बाद सभी का आप से परिचय मैं हूं कौन खेल के द्वारा हुआ व झूला गीतों के साथ झूला झूलेंगे सखियां का दौर चला। इसी क्रम में टोकरी टप्पा गेम्स में महिलाओं ने जमकर लुफ्त उठाया जिसका फाइनल हरियाली टीम की महिलाओं एवं स्कोरर, और निर्णायकों की सुखहाली टीम के बीच हुआ। जिस में खुशहाली टीम विजयी रही। कार्यक्रम की श्रंखला में टास्क फुटबॉल गेम, मटकी फटाक फोड़ गेम, चूड़ी खनकेगी, बिंदिया चमकेगी मेहंदी सजेगी आदि गेम भी हुए। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में गीत, संगीत, गायन नृत्य प्रस्तुत किए गए, जिसमें अमिता शुक्ला, कल्पना गोयल, तपस्या और व्योम की मनोहारी प्रस्तुति रही। उपस्थित सभी साथियों का ग्रीनवेज लगाकर आयोजक मंडल हरिमोहन अग्रवाल, विश्वनाथ गुर्जर, अरविंद मावई, दुष्यंत सिंह तोमर, बालकृष्ण शर्मा, मनोज पंडित, अंकित मिश्रा ने स्वागत किया। कार्यक्रम में अंबाह पोरसा मुरैना के आनंन्दक सुजाता तोमर, डॉ क्षमा कौशिक, नीतू भारद्वाज, सरिता उपाध्याय, महेंद्र कुमार, नीलम तोमर मणिन्द्र कौशिक, दीपक भोला, बिंदुसार सिंह तोमर, अरविंद सिंह, कृष्ण वीर सिंह तोमर, सुशीला तोमर, नीता गुप्ता, मीना अग्रवाल, सुशील शर्मा, प्रीति शर्मा, नंदिनी तोमर निकेश गुर्जर, मीना मावई का विशेष सहयोग रहा।

## नगर पालिका अंबाह द्वारा निकाली गई विशाल तिरंगा रैली



**मुरैना।** नगर पालिका अंबाह आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए एवं स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ मनाने के लिए आयोजित हर घर तिरंगा अभियान हेतु प्रचार प्रसार संपूर्ण देश में किया जा रहा है। नगर पालिका अंबाह के सीएमओ शारिब कौसर एवं उनके स्टाफ द्वारा एसडीएम अंबाह राजीव समाधिया की अध्यक्षता में बुधवार को एक विशाल तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली की शुरुआत पचासा मैदान से की गई जो कि पोरसा चौराहे तक निकली। रैली मैं नगर के सभी जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं नगरपालिका का समस्त स्टाफ एवं सफाई कर्मचारी आदि ने भाग लिया। रैली का मुख्य उद्देश्य हर घर तिरंगा अभियान का प्रचार प्रसार करना है। इस रैली के द्वारा नागरिकों से आग्रह किया गया कि आजादी के अमृत महोत्सव को सफल बनाएं और स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ मनाने हेतु सभी अपने-अपने भवनों पर ससम्मान 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा झंडा लहराएं। इसके साथ ही लोगों को तिरंगा झंडा नगर पालिका द्वारा बांटे गए एवं साथ ही यह निर्देश दिए गए के राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा बनाए रखी जाए, हमें उसे किस प्रकार से फहराना है यह जानकार भी प्रदान की गई। रैली में सभी गणमान्य नागरिक, जन प्रतिनिधि, पत्रकार, व्यापारिक संगठन, एवं भूतपूर्व सैनिक संगठन के सदस्य व स्व-सहायता समूह के सदस्य सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रैली के दौरान नगर पालिका द्वारा बनवाया गया गीत तिरंगा हर घर लहराएं बजाया गया।

## नेशनल हाइवे पर बाइक सवार ने कावड़िया को मारी टक्कर, बड़ा हंगामा टला

**मुरैना।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के एबी रोड पर मंगलवार की रात्रि एक बाइक सवार ने कांवड़िये को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। उस समय वह कांवर दूसरे व्यक्ति पर थी, इसलिए अपवित्र होने से बच गई, वरना बड़ा हंगामा हो सकता था। घायल कावड़िये को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार मुरैना शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नेशनल हाइवे-44 पर टोल प्लाजा स्थिति छोंदा गाँव के पास बीती रात लापरवाही से चलाते हुए एक बाइक सवार ने पीछे से कावड़िये को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही कावड़िया गंभीर रूप से घायल हो गया। गनीमत ये रही की टक्कर लगने के दौरान कावड़ दूसरे साथी के हाथ में थी, नहीं तो हंगामा होने की अंशका थी। सूचना पाकर डायल 100 मौके पर पहुंची और घायल कावड़िया को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया, जहाँ इमरजेंसी ड्यूटी पर उपस्थित डॉ और नर्सिंग स्टॉफ ने इलाज किया। घायल कावड़िया 25 वर्षीय भूदेल पुत्र भैया सिंह यादव निवासी शिवपुरी जिले के चिराय गाँव का रहने वाला बताया गया है। भूदेल अपने साथियों के साथ सोरों से कांवड़ भरकर ला रहा था। जब वह रात के समय हाइवे से गुजर रहे था, तो एक बाइक सवार ने उसको टककर मार दी। प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवक को सर्जिकल वार्ड में भर्ती कर दिया है।



# युवाओं की हर घर तिरंगा अभियान में भागीदारी जरूरी- श्री शैलेन्द्र केदार

## नेहरू युवा केन्द्र ने युवा मण्डल विकास पर ओरिएंटेशन किया

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तहत कार्यरत नेहरू युवा केन्द्र शिवपुरी द्वारा युवा मण्डल विकास पर ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नेहरू युवा केन्द्र के युवा मण्डलों के पदाधिकारियों व युवा स्वयंसेवकों ने एक तिरंगा यात्रा शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए अमर शहीद तात्याटोपे की समाधि स्थल तक निकाली।

कार्यक्रम में एमपी एग्रो के जिला प्रबन्धक श्री शैलेन्द्र केदार ने कहा कि युवाओं की हर-घर तिरंगा अभियान में भागीदारी जरूरी है। युवाओं को चाहिये कि सरकार के राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रम हर-घर तिरंगा अभियान जो कि पूरे देश में 13 अगस्त से 15 अगस्त तक आयोजित किया जा रहा है उसमें अपनी सक्रिय भागीदारी निभाकर लोगों को अपने-अपने घरों में तिरंगा लगाने हेतु प्रेरित करें। श्री केदार ने कहा कि नेहरू युवा केन्द्र वास्तव में युवाओं को मंच प्रदान करने का सराहनीय प्रयास कर




रहा है। इससे पहले मुख्य अतिथि श्री शैलेन्द्र केदार, विशेष अतिथि चाइल्ड लाइन के समन्वयक श्री सौरभ भार्गव, युवा समाजसेवी श्री शंकर कुशवाह, उपनिदेशक श्री एस.एन.जयन्त, समाजसेवी सुश्री सुनीता झा, श्री राजेन्द्र विजयवर्गीय, श्री राजेन्द्र धाकड आदि ने गांधीजी के चित्र पर माल्यार्पण किया।उपनिदेशक श्री एस.एन.जयन्त ने कहा कि प्रत्येक ग्राम में कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह के निर्देशानुसार लोगों को राष्ट्रीय ध्वज



प्रोटोकॉल के अनुसार अपने-अपने घरों में 13 अगस्त से 15 अगस्त तिरंगा झण्डा फहराने हेतु प्रेरित करेगें। नेहरू युवा केंद्र युवा मंडल विकास कार्यक्रम के तहत जिले के आठों विकासखण्डों में अपने तीन सदस्यीय युवा टीम के माध्यम से लगभग 250 ग्रामों सम्पर्क कर युवा मण्डलों का गठन व उन्हें सक्रिय करेंगा।

श्री जयन्त ने कहा कि युवाओं का दल इस अभियान के तहत वृक्षारोपण व युवाओं को सोशल मीडिया से भी जोड़ने का प्रयास करेगा। श्री जयन्त ने कहा कि नेहरू युवा केन्द्र ग्रामीण युवाओं को युवा मण्डलों से जोड़कर उनकी ऊर्जा का उपयोग देश व समाज के विकास में लगाने हेतु इस तरह के कार्यक्रम सम्पूर्ण भारत में कर रहा है। विशेष अतिथि श्री शंकर कुशवाह ने कहा कि युवाओं को स्वच्छता के प्रति भी अपना योगदान देना चाहिये इसके लिये उन्हें हर घर एक पौधा लगाने का भी अभियान चलाना चाहिये।

श्री सौरभ भार्गव ने कहा कि युवा शक्ति के माध्यम से ही देश का विकास सम्भव है व युवाओं को एक अच्छे मार्गदर्शक की भूमिका नेहरू युवा केन्द्र निभा रहा है।

सुश्री सुनीता झा ने कहा कि स्वच्छ वातावरण से ही स्वच्छ समाज का निर्माण होता है इसलिये हमें स्वच्छता अभियान जैसे कार्यक्रमों में भी सहयोग करना चाहिये। नेहरू युवा केन्द्र के राजेन्द्र विजयवर्गीय ने कहा कि नेहरू युवा केन्द्र संगठन सम्पूर्ण भारत के 623 जिलों में घर घर झण्डा कार्यक्रम के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता के कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। इसके अलावा युवा मण्डल विकास कार्यक्रम के तहत देश में वृक्षारोपण, युवा मण्डल सशक्तिकरण, सोशल मीडिया से युवाओं को जोड़ना आदि कार्य कर रहा है।

# सवाई माधोपुर जिला अध्यक्ष सीएल सैनी ने किया खंडार विधानसभा का दौरा

**जितेंद्र सिंह ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**राजस्थान।** सैनी ने दौरा कर समाज के लोगों को एकत्रित कर 12 परसेंट आरक्षण के लिए खंडार तहसीलदार को दिया ज्ञापन

सैनी ने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा हम हमारा अधिकार लेकर रहेंगे चाहे इसके लिए हमें अपने शरीर की बलि ही क्यों न देनी पड़े राजस्थान सरकार के मुखिया हमारी डेढ़ करोड़ आबादी के अनुसार यह कैलकुलेशन कर ले कि सरकार बनाने में माली समाज की अहम भूमिका रहती है

इस अवसर पर युवा नेता जितेंद्र सैनी ने कहा आने वाली 2023 में हम सभी समाज के लोग पूरे राजस्थान भर में लगभग 50 विधानसभा क्षेत्र ऐसे हैं जहां पर माली समाज का वोट बैंक मजबूत है हम इन सभी विधानसभाओं में समाज के लोगों को चुनाव लड़ने के लिए तैयार करेंगे जो पार्टी हमें टिकट देगी चुनाव



लड़ने के लिए हम उसका समर्थन करेंगे इस अवसर पर युवा जिलाध्यक्ष राजेश पार्षद मदन मोहन सैनी रामकिशोर सेठ कुस्तला राम सहाय सैनी भागचंद सैनी लड्डू सैनी रामकुमार सैनी कन्हैयालाल सैनी राजू सैनी गोपाल सैनी हनुमान सैनी महेंद्र सैनी रमेश सैनी राजू सरपंच महावीर सैनी मुकेश सैनी शंकर सैनी कैलाश नारायण मेरा प्रधान हनुमान सैनी आदि समाज बंधु उपस्थित रहे

# कलपाथरी में नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों ने ली शपथ



**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**बालाघाट।** जिले की विकासखण्ड लांजी अंतर्गत ग्राम पंचायत कलपाथरी में शपथ ग्रहण समारोह ग्राम पंचायत भवन में ज्योति ईश्वर उमरे जिला पंचायत सदस्य एवं दुलीचंद राजनीरे जिला पंचायत सदस्य के मुख्यातिथ्य एवं युवराज पटले जनपद सदस्य की गरिमामई उपस्थिति में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं मां सरस्वती एवं बाबा साहेब अम्बेडकर के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। ग्राम पंचायत कलपाथरी सचिव सृष्टि रहांगडाले ने सरपंच लिकेश ऐड़े उपसरपंच लालचंद नौखरे एवं पंचों को पद की शपथ दिलाई। इस दौरान सरपंच लिकेश खुमेन्द्र एड़े, उपसरपंच लालचंद नौखरे, ज्योति ईश्वर उमरें



जिला पंचायत सदस्य, दुलिचंद राजनिरे जिला पंचायत सदस्य, युवराज पटले जनपद पंचायत सदस्य, सृष्टि रहांगडाले सचिव, संतोष बारमाटे ग्राम रक्षक, इश्वर उमरे बेटा बचाओ अभियान राष्ट्रीय सचिव,पंचगण एवं ग्रामीण उपस्थित रहे

# एनएसएस ने किया वृक्षारोपण और फहराया तिरंगा

## तिरंगा हमारी आन-बान-शान का प्रतीक है - धीरज सिंह गुर्जर

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत अंकुर योजना के अंतर्गत आज



एमजेएस महाविद्यालय में वृहद वृक्षारोपण किया गया। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस.,जिला पंचायत सीईओ जे के जैन , डीईओ एच एस तोमर की उपस्थिति में वृक्षारोपण किया गया।जिसमे समस्त समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारियों के साथ एनसीसी, एनएसएस,स्काउट तथा युवाओं ने बढ़चढ़ कर भागीदारी की। सभी के हाथ में तिरंगा झंडा शान के साथ लहरहा रहा था,जो हमे आजादी के वीर नायकों की कुर्बानियों की याद दिलाता है और हमारे दिलो में राष्ट्र प्रेम,राष्ट्रभक्ति की भावना हिलोरें लेने लगती है। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक शिव प्रताप सिंह भदौरिया, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी धीरज सिंह गुर्जर, समाजसेवी नीतेश जैन,नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी आशुतोष साहू सहित छात्र सौरभ,हरेंद्र गौतम, अभिमन्यु,पल्लवी,नेहा,सूरज विमल,अंशिका जैन आदि मौजूद रहे।

# अंकुर अभियान के तहत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न

## मुख्यमंत्री ने अंकुर अभियान के लिए दी बधाई

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** अंकुर अभियान के तहत पिपरसमा मंडी में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल सहित धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया।

इस मौके पर लाइव वीडियो टेलीकास्ट के माध्यम से मुख्यमंत्री श्री चौहान ग्वालियर और चंबल संभाग के 8 जिलों में पौध-रोपण कार्यक्रमों को वर्चुअली संबोधित किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 28 जुलाई से आरंभ पौधरोपण महाअभियान में



शिवपुरी जिले में सर्वाधिक 59 हजार 442 पंजीयन होने पर शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त नागरिकों ने मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के वर्चुअली कार्यक्रम को देखा और सुना। कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह ने सभी आमजन से भी अपील की है कि वे अंकुर अभियान के तहत पौधा लगाकर वायुदूत ऐप पर फोटो अपलोड करें। किसान एप के बारे में दी जानकारी किसान खुद से फसल गिरदावरी की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। एमपी किसान ऐप के माध्यम से जानकारी भर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान राजस्व निरीक्षक किसान ऐप के बारे में जानकारी दी गई।

### ऊर्जा साक्षरता अभियान के बारे में जानकारी दी गई

नोडल अधिकारी ऊर्जा साक्षरता अभियान सुश्री निकिता तामरे ने ऊर्जा साक्षरता अभियान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि प्ले स्टोर से उषा ऐप डाउनलोड करें। उसमें रजिस्ट्रेशन के बाद 11 मॉड्यूल्स में आने वाले प्रश्नों के जवाब दें और अपना सर्टिफिकेट डाउनलोड करें।

# बालाघाट की वारी पंचायत ने निर्विरोध ग्राम सरकार बनाकर रचा किर्तिमान

## विधायक हिना कावरे ने दिलाई निर्विरोध पदाधिकारियों को शपथ

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**बालाघाट।** नव निर्वाचित पंच व सरपंच को शासन के आदेश पर संकल्प सभा का आयोजन कर 3 अगस्त को शपथ दिलाई गई। जिले की ग्राम पंचायत वारी में निर्विरोध सरकार बनाकर समरस पंचायत का दर्जा प्राप्त किया। ग्राम पंचायत वारी में शासकीय विद्यालय परिसर में आयोजित शपथ समारोह में पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने पहले ही एकता की मिशाल पेश कर निर्विरोध सरपंच उपसरपंच एवं पंचों की सरकार को चुना है। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुजन अर्चन के साथ किया गया। तत्पश्चात स्वागत समारोह के?? साथ मध्यप्रदेश विधानसभा की पुर्व उपाध्यक्ष एवं विधायक हिना कावरे ने नवनिर्वाचित सरपंच, उपसरपंच व पंचों को शपथ दिलाई। साथ ही पुर्व जनप्रतिनिधियों का भी शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में सुश्री हिना लिखीराम कावरे विधायक, भागवत भाऊ नगपुरे पुर्व विधायक, अर्चना रेवेन्द्र खोंगल जनपद अध्यक्ष, देवेन्द्र खोंगल पुर्व जनपद अध्यक्ष, मीना सुधीर दशरिया जिला पंचायत सदस्य, शीतल धर्मभूषण बनोठे जनपद सदस्य, अजय अवसरे जनपद सदस्य, झनकलाल कावरे पुर्व सरपंच वारी, राजु मेंढे पुर्व जनपद सदस्य, धर्मेंद्र चुटे पुर्व सरपंच कारंजा, रेखलाल कावरे पंडा बाबा मां पांढरीपाठ मंदिर, सुधीर दशरिया सामाजिक कार्यकर्ता,



कोमल काड़े उपसरपंच बहेला, गणेश खोंगल सामाजिक कार्यकर्ता, राधेश्याम सोनवाने, लिखेन्द उपराड़े, सिंह ताराम मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लांजी के अलावा अन्य गणमान्य ग्रामीणों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का सफल मंच का संचालन केसी गुरदे द्वारा एवं नवनिर्वाचित पंच खेलवंता ठाकरे द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### विकास की राह में वारी? पंचायत - भागवत भाऊ नगपुरे, पुर्व विधायक

पंचायत के विकास में आप सबकी महत्वपूर्ण भूमिका है। सरकार से संचालित विभिन्न योजनाओं में सबका सहयोग जरूरी है। आपने कहां कि क्षेत्र में विधायक, जनपद, जिला में हमारे ही जनप्रतिनिधि है, ऋषि पटेल के अथक प्रयास से आगे भी इसी तरह निर्विरोध जनप्रतिनिधि चुने।





### दलगत भावना से ऊपर उठकर होगा विकास - हिना कावरे विधायक

गर्व की बात है कि मेरे विधानसभा क्षेत्र में एक ऐसा गांव भी है जहां पर निर्विरोध सरपंच व पूरे पंचों को चुना गया।यह सब पांढरीपाठ वाली माता रानी की आशीर्वाद से यहां पर निर्विरोध पंचायत बॉडी को चुना गया। मतदाताओं के आशीर्वाद ऐसा बना कि इसी ग्राम से मीना सुधीर दशरिया को सर्वाधिक मतों से जिला पंचायत सदस्य के लिए विजयी हुई है। इससे पहले जिन ग्राम पंचायतों में शपथ ग्रहण में शामिल हुई, वहां पर सबसे कहा कि पक्ष विपक्ष राजनीतिक दलों को छोड़ते हुए विकास कार्य करना है। लेकिन यहां पर तो सब एक साथ है इन सब चीजों को बताने की आवश्यकता नहीं है। हम सब मिलकर पूर्वजों की जो सोच रही है जो विचारधारा रही है उससे इस क्षेत्र का विकास करें। यह बड़ी बात है कि आज सब एकजुट होकर सिर्फ काम की बात कर रहे हैं। बिना किसी रोक-टोक, बिना किसी द्वेष भावना के हम सबको मिलकर सिर्फ और सिर्फ विकास कार्य करना है, ऐसे आशीर्वाद माता रानी की हमेशा बना रहे। जब माता रानी का दरबार यहां सजता है यहां के लोगों को व्यापार करने का अवसर मिलता है। आसपास के लोग छोटे-छोटे दुकान छोटे व्यवसाय करने बैठते हैं, जिससे उनका रोजी-रोटी चलता है। हम चाहते हैं कि इस तरह आसपास के लोग आर्थिक रूप से मौजूद बने। और भी जो ग्राम पंचायत है वह इस ग्राम पंचायत की मिसाल ले और बिना भेदभाव बिना चुनाव के निर्विरोध सरपंच और पंच चुने। जिस से लड़ने - झगड़ने की जो प्रथा है वह कम हो जाए।

### उम्मीदों पर उतरुंगा खरा - ऋषि पटेल दशरिया सरपंच ग्राम पंचायत वारी

हम सभी ग्रामीणों के लिए खुशी और गर्व की बात है कि शपथ ग्रहण समारोह में क्षेत्र की पुर्व विधायक हिना कावरे शामिल हुई है। ग्राम के विकास में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आज का दिन इस? गांव के लिए ऐतिहासिक दिन है, ऐतिहासिक दिन इसलिए क्योंकि यहां पर पुर्ण रुप से निर्विरोध गांव की सरकार शपथ ली है, और सबके लिए गर्व की बात है। मैं आभारी हूं इस गांव के देवतुल्य ग्रामीणों का जिन्होंने इस गांव का? नाम लांजी तहसील सहित पुरे बालाघाट जिले में रोशन किया है। सभी ने जिस आशा और विश्वास के साथ मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी है, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपके इस विश्वास पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा। जिन साथियों ने साथ में शपथ लिए है, वह पहली बार इस पंचायत का हिस्सा बने हैं। मैं उनसे उम्मीद करता हूं कि सकारात्मक सहयोग हमें प्राप्त होगा। पुराने पंचवर्षीय में साथ मिलकर कार्य करने वाले सदस्यों का भावुक होकर आपने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# गायत्री शर्मा बनी शिवपुरी पालिका की निर्विरोध अध्यक्ष सरोज राम जी व्यास बनी निर्विरोध उपाध्यक्ष







**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-शिवपुरी नगर पालिका अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव का परिणाम आ गया हैं इसमें वार्ड नबंर 25 से चुनकर आई गायत्री शर्मा को निर्विरोध भारतीय जनता पार्टी से अध्यक्ष बनाया गया हैं वही उपाध्यक्ष के लिए वार्ड नबंर 26 की पार्षद सरोज व्यास का भी अकेला फार्म होने के कारण उन्हें भी निर्विरोध उपाध्यक्ष घोषित किया गया। पिछले कई दिनों से अध्यक्ष पद के लिए जहां एक पक्ष की ओर से दीप्ति भानु दुबे का नाम तेजी से चल रहा था। मेंडेट मिलने के बाद से ही सारी अटकलें दूर हो गई थी

वहीं भाजपा के ही दूसरे धाकड़ प्रत्याशी सरोज राम व्यास का नाम आगे किया जा रहा था। कल रात अचानक घटनाक्रम तेजी से बदले और उसके बाद तीसरा नाम गायत्री शर्मा के रूप में सामने आया, और इस पर सर्वसम्मति बन गई परिणाम स्वरूप अध्यक्ष निर्वाचित हो गई। वही समझौते के तौर पर अध्यक्ष के लिए अपनी दावेदारी दिखा रही सरोज राम जी व्यास को निर्विरोध उपाध्यक्ष चुन लिया गया। चुनाव होने के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया देते हुए, गायत्री शर्मा ने शिवपुरी विधायक एवं कैबिनेट मंत्री यशोधरा राजे का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी के साथ मिलकर काम करने की बात कही।

### अध्यक्ष के चुनाव से पहले गले मिलते देखें भानु दुबे और राम जी व्यास

पूरे चुनाव में 2 लोगों का नाम अध्यक्ष पद की दौड़ में सबसे आगे चल रहा था जिसमें सबसे आगे भानु दुबे का नाम चल रहा था लेकिन वही भाजपा के ही दूसरे प्रत्याशी राम जी व्यास भी अपना दबदबा कायम किए हुए थे और दोनों लोग चुनाव के समय एक दूसरे के फूटी आंखों में नहीं समा रहे थे इसी बीच जब मैं लेट आया तो एक और तीसरा नाम निकल के सामने आया जो कि गायत्री शर्मा का था जब आज चुनाव निर्विरोध किया जा रहा था उस समय भानु दुबे और राम जी व्यास गले मिलते दिखाई दिए

## कामधेनु गौशाला में गौ सेवक महेंद्र मुणोत को किया सम्मानित

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू** –बुधवार को जैन महिला मंडल चिकमगलूर द्वारा कामधेनु गौशाला में आयोजित कार्यक्रम में महिला मंडल अध्यक्षा नरीता जैन एंव गौशाला कामधेनु भगवान राम ने गौ सेवक मारूति मेडिकल विजयनगर के प्रमुख महेंद्र मुणोत को गौमाता की तस्वीर भेंट कर माला व शॉल द्वारा सन्मानित किया गया। इस आयोजित कार्यक्रम गौभक्तों ने भगवान श्री महावीर स्वामी के जयकारें लगाए। और सभी गौभक्तो ने गाय बचाओं देश बचाओ के नारे लगाए। इस अवसर पर गौ सेवक महेंद्र मुणोत ने सभी गौ भक्तों एंव गौशाला के पदाधिकारीओं को धन्यवाद दिया और उन्होनें बताया की गौमाता हमारी माता है । इसकी रक्षा करना हमारा सबका कर्तव्य है । गाय बचेगी तो देश बचेगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गौभक्त एंव गौशाला के पदाकारी मौजूद थे।



## ऑक्सीजन प्लांट का लोकार्पण किया

**सुनील कुमार अहिरवार**

**टीकमगढ़।** कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने जिला चिकित्सालय टीकमगढ़ में बायर द्वारा समर्थित लेबरनेट द्वारा क्रियान्वित ऑक्सीजन प्लांट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री अभय सिंह ओहरिया, एसडीएम टीकमगढ़ श्री सीपी पटेल, बायर एनजीओ की संस्थापक तथा प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिला चिकित्सालय के किचन के पास लगाया गये ऑक्सीजन प्लांट की छमता एक मिनट में 500 लीटर ऑक्सीजन जनरेट करने की है।



## पुष्पा कमल किशोर ठाकरे ने ली सरपंच पद की शपथ



**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**बालाघाट।** जिले की विकासखण्ड लांजी अंतर्गत ग्राम पंचायत देवलगांव में शपथ ग्रहण समारोह ग्राम पंचायत भवन में महेंद्र पटेल जनपद सदस्य के मुख्यातिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं मां सरस्वती के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। देवलगांव के वरिष्ठ नागरिक एवं पुर्व सरपंच निलचंद हरिणखेड़े ने सरपंच पुष्पा कमल किशोर ठाकरे उपसरपंच दमयंती महेश सोनवाने एवं पंचों को पद की शपथ दिलाई। इस दौरान सरपंच पुष्पा कमलकिशोर ठाकरे एवं उपसरपंच दमयंती महेश सोनवाने , नीलचंद हरिनखेडे पूर्व सरपंच, जनपद सदस्य महेंद्र पटले, कमल किशोर ठाकरे, ठानेंद्र ठाकरे, लालचंद टेंभरे, डेलीराम ठाकरे, हरि भक्त परायण माणिकदास बाबा बागड़कर, नितिन हरिनखेड़े और समस्त पंचगण एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## तीन आउटसोर्स मीटर वाचकों को बर्खास्त किया, 51 का वेतन काटा

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र बिजली कंपनी ने भोपाल शहर समेत आसपास जिलों के तीन आउटसोर्स मीटर वाचकों को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। 51 का वेतन काटा है। 94 मीटर वाचकों को चेतावनी जारी की है। यह कार्रवाई बीते एक हफ्ते में की गई है। इन पर आरोप है कि इन्होंने उपभोक्ता के मीटरों की रीडिंग ठीक से नहीं ली थी। कुछ ने औसत रीडिंग फीड कर दी दी, जिसकी वजह से उपभोक्ताओं को गलत बिल चले गए थे और उन्हें परेशान होना पड़ा था। मध्य क्षेत्र बिजली कंपनी के मुताबिक गड़बड़ी दतिया, हरदा, ग्वालियर, होशंगाबाद, रायसेन, राजगढ़, मुरैना, सीहोर, विदिशा, श्योपुर, गुना, भिंड, शहर वृत्त ग्वालियर में मिली है। यहां के संबंधित मीटर रीडरों के खिलाफ कार्रवाई की है।

## 2 साल बाद निकली कल्याण जी की यात्रा



### भक्तों ने पैदल यात्रियों की सेवा में बांटा प्रसाद।

**जयपुर।** कोरोना के चलते जो यात्रा पिछले 2 साल से यात्रा नहीं निकाली गई,अब इस साल इसे जोर सोर से निकाला गया।भक्तों में इसका खासा उत्साह दिखा।जगह जगह पांडाल और वाहन लगा कर लोगों ने प्रसाद बांटा। जयपुर शहर में इसका सबसे ज्यादा भक्तों की भीड़ देखने को मिली।इतनी गर्मी और उमस भरे मौसम में भी भक्तों में उत्साह की कोई कमी नहीं दिखाई दी। वहीं हमारे जयपुर शहर के चीफ हेड सौरव परमार और जयंत , कोमल , निखिल ,अभिषेक, आर्यन, इशू प्रसाद बितरण में आदि मौजूद थे।

### मध्यप्रदेश शासन के गृह मंत्री ने अंकुर अभियान के तहत आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में लिया भाग



**संदीप प्रधान उप संपादक दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

**दतिया**,राज्य सरकार के प्राथमिकता वाले कार्यक्रम अंकुर अभियान के तहत दतिया जिले में बड़ी संख्या मे पौधरोपण के कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रदेश के गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्र ने अंकुर अभियान के तहत न्यू कलेक्ट्रेट में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम पौधा रोपित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर कलेक्टर श्री संजय कुमार ,सहित शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों एवंगैर शासकीय संस्थाओं , शिक्षण संस्थाओं के छात्र एवंछात्राओं ने भी पौधरोपण किया। बायोदूतपर पंजीयन कर लगाए गए पौधों के फोटो भी डाउनलोड किए गए

## बालकनी से कूदते समय बेटी का मां ने पकड़ लिया था हाथ, पर खींच नहीं पाई



**भोपाल।** मप्र औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग की प्रबंधक रानी शर्मा का ग्वालियर में अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनके पिता ने विभाग के प्रमुख सचिव और उनके सहयोगी पर प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि बेटी कार्यस्थल पर प्रताड़ित हो रही थी। उसे इतना परेशान किया गया कि उसने खुदकुशी जैसा कदम उठा लिया। इधर, रानी शर्मा को बालकनी से कूदते समय उनकी मां ने देख लिया था। उन्होंने बेटी को रोकने की काफी कोशिश की। बेटी ने छलांग लगाई तो मां ने बेटी का हाथ पकड़ लिया था, लेकिन काफी देर तक मां उसका वजन झेल न सकी और रानी पांचवीं मंजिल से सीधे नीचे आकर गिरी। पुलिस का कहना है कि मृतका के कार्यस्थल के कर्मचारियों से पूछताछ हुई है। उन्हें गिरती हुई युवती का सीसीटीवी फुटेज भी मिला है। बता दें कि मूलतः ग्वालियर के आनंद नगर की रहने वालीं 27 वर्षीय रानी शर्मा पिता वेद राम शर्मा शाहपुरा के अर्बन लाइन में पांचवीं मंजिल पर रह रही थीं। सोमवार सुबह पांच बजे रानी ने बालकनी से छलांग लगाकर खुदकुशी कर ली थी। बाद में निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया था। अस्पताल की सूचना पर पुलिस को जानकारी लगी तो शव को हमीदिया अस्पताल भिजवाया गया। यहां पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजन के सुपुर्द कर दिया गया। इधर शाहपुरा थाना पुलिस ने घटना के दूसरे दिन रानी शर्मा के कार्यालय में पहुंचकर उनके सहकर्मियों से पूछताछ की। फिलहाल कोई अहम जानकारी नहीं मिल पाई है। इधर, रानी शर्मा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट अभी नहीं मिली है।

### चार शासकीय नौकरियां छोड़ चुकी थीं

रानी शर्मा के पिता वेदराम शर्मा ग्वालियर के हुजरात कोतवाली में सहायक उपनिरीक्षक हैं। उनका कहना है कि उनकी बेटी बचपन से मेधावी छात्रा थी। वह एसबीआइ में बैंक पीओ समेत करीब चार शासकीय नौकरी में चयन होने के बाद छोड़ चुकी थी। लोकसेवा आयोग द्वारा चयन होकर एमपीटीसी के प्रमुख सचिव के कार्यालय में प्रबंधक थी। उसे इतना ज्यादा काम दे दिया कि वह परेशान हो गई। उससे कहा जाता था कि अगर काम नहीं करोगी तो नौकरी से बर्खास्त कर दिया जाएगा। इससे वह तनाव में आ गई थी। वह मुझे फोन पर बताती थी कि उसके अधिकारी नौकरी से निकालने की धौंस देते हैं। कहते हैं कि तुम काम नहीं कर पाती हो। उन्होंने आगे बताया कि सोमवार को बेटी ने खुदकुशी कर ली। पिता ने कहा कि हमारे पहुंचने से पहले ही पंचनामा बना दिया गया था। हमारी मांग है कि मेरी बच्ची को प्रताड़ित करने वाले अधिकारी व उनके सहायक पर कार्रवाई हो।

## स्कूल शिक्षा विभाग ने अपडेट ही किया अपना पोर्टल, शिक्षकों के स्थानांतरण में होगी परेशानी




**भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग ने स्थानांतरण नीति बना ली है। इस बार भी आनलाइन प्रक्रिया अपनाई जाएगी, लेकिन शिक्षा पोर्टल को अपडेट नहीं किया गया है। पोर्टल पर जिन स्कूलों में शिक्षकों के रिक्त पद दर्शा रहे हैं, उन स्कूलों में शिक्षक पहले से पदस्थ हैं। भोपाल जिले के कई स्कूलों में ऐसे उदाहरण सामने आ रहे हैं कि पोर्टल पर रिक्त पदों पर शिक्षक पदस्थ हैं। वहीं कुछ शिक्षकों का स्थानांतरण हो भी गया है, लेकिन उनका नाम पुराने स्कूल में ही दर्ज है। अब ऐसे में तीन अगस्त सीएम राइज स्कूलों में पदस्थ परीक्षा में शामिल नहीं हुए शिक्षकों को पोर्टल पर तीन अगस्त तक च्वाइस फिलिंग करना है, लेकिन पोर्टल अपडेट नहीं होने के कारण उन्हें परेशानी हो रही है।

### सीएम राइज स्कूलों में पूर्व से पदस्थ शिक्षकों को च्वाइस फिलिंग करना है

सीएम राइज स्कूलों के पूर्व से पदस्थ शिक्षकों की पोर्टल पर च्वाइस फिलिंग शिक्षा विभाग का पोर्टल अपडेट नहीं होने एवं पोर्टल नहीं खुलने के कारण से समस्या हो रही है । विभाग ने च्वाइस फिलिंग के लिए अंतिम तिथि तीन अगस्त घोषित की है, जबकि पूरे प्रदेश के 3000 शिक्षक और राजधानी भोपाल के 175 शिक्षक पिछले छह दिनों से एमपी आनलाइन केन्द्रों पर चक्कर काट रहे है लेकिन पोर्टल अपडेट नहीं से शिक्षक च्वाइस फिलिंग नहीं कर पा रहे हैं। पोर्टल पर जो रिक्त पद प्रदर्शित हो रहे है वह भी विगत दो वर्षों पूर्व के रिक्त पद दर्शाए जा रहे हैं, जिनमें से अधिकांश पद पूर्व से ही भरे हुए है, जबकि राजधानी में अति शेष शिक्षकों की भरमार है। ऐसे में भोपाल सीएम राइज स्कूलों में पूर्व से पदस्थ 175 शिक्षकों का अन्यत्र शालाओं में समायोजन करना शिक्षा विभाग के लिए सिरदर्द बन गया है। वही दूसरी और पोर्टल अपडेट नहीं होने से शिक्षा विभाग एवं शिक्षक भी परेशान है। अभी सिर्फ सीएम राइज स्कूलों के शिक्षकों को अन्यत्र शालाओं में पदस्थ करने के लिए आनलाइन च्वाइस फिलिंग हो रही है।

### रिक्त पद भरे हुए हैं

शासकीय माध्यमिक स्कूल हाउसिंग बोर्ड, आरिफ नगर, संजय नगर, ग्रीन पार्क, नई जेल, जीवन ज्योति इत्यादि स्कूलों में प्राथमिक शिक्षक के पद रिक्त है, लेकिन पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं हो रहे है। जिन शालाओं में शिक्षक की आवश्यकता है। वहीं पद प्रदर्शित नहीं हो रहे है और जिन शालाओं में शिक्षक पहले से पदस्थ है वहां पोर्टल पर पद रिक्त बताए जा रहे हैं।

# नवीन पदाधिकारी शपथग्रहण, प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न।

**संतोष सिंह भदौरिया पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर /** उपरोक्त जानकारी देते हुए क्षत्रिय महासभा मध्य प्रदेश के मीडिया प्रभारी संतोष सिंह भदोरिया द्वारा बताया गया कि श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा अखंड भारत, के द्वारा , प्रदेशाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह राजावत के निर्देश पर, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष राजू सिकरवार जी के विशेष प्रयासों से,राष्ट्रीय अध्यक्ष एनकाउंटर स्पेशलिस्ट श्री अशोक सिंह भदौरिया जी की अध्यक्षता में नवनियुक्त पदाधिकारिओं का शपथग्रहण, एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजबंधुओं का सम्मान समारोह वैश गार्डन, तानसेन नगर में आयोजित हुआ।।।




कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री सोबरन सिंह तोमर, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री योगेन्द्र सिंह कुशवाह, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री हरि सिंह सिकरवार, प्रदेश संगठन मंत्री श्री विजय सिंह सिकरवार, प्रदेश महासचिव श्री पप्पू परिहार, प्रदेश सचिव श्री अशोक तोमर, प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा श्री राजू सिंह सिकरवार, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा बहन रेखा परमार, संभागीय अध्यक्ष श्री शोभित चौहान जी, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती पुष्पा राजावत, जिला उपाध्यक्ष नीलम चौहान जी , युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, व सैंकड़ों सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।। कार्यक्रम में सैंकड़ों युवाओं व अनेक महिलाओं ने संगठन की सदस्यता ग्रहण करके , समाज और संगठन के उत्थान के लिए शपथ ग्रहण की।

विशेष रूप से राघवेन्द्र सिंह भदौरिया जी को जिलाध्यक्ष कानून प्रकोष्ठ,मोनू भदौरिया को प्रदेश प्रमुख महामंत्री युवा मोर्चा, उपेन्द्र भदौरिया जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा, अभिषेक सिकरवार जिलाध्यक्ष छात्र विंग, श्रीमती नीलम चौहान प्रदेश संगठन मंत्री, अमिता चंदेल संभाग अध्यक्ष, संगीता तोमर संभागीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, व अनेक नवीन सदस्यों को नियुक्ति पत्र राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा प्रदान किए गए।।।साथ ही उत्कृष्ट कार्य हेतु पल्लवी चौहान, नरेश भदौरिया, कुलदीप सिकरवार, अजय तोमर, सुरजीत राजावत, राबर्ट सिकरवार, लल्ला तोमर, रवि जादौन व अनेक युवाओं को कोरोना काल में उनके विशिष्ट सेवाओं के लिए संगठन द्वारा पीत वस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।।कार्यक्रम में प्रबुद्धजनों द्वारा युवाओं को सकारात्मक दिशा में परिश्रम करने , शारीरिक मानसिक रूप से मजबूत बनने की बात कही गई।।मंच संचालन प्रदेश प्रवक्ता वेदप्रकाश सिंह राजावत द्वारा किया गया।।। अंत में आभार प्रदर्शन सर्वेश भदौरिया जी द्वारा किया गया।।



## रन्नौद पहली बार नगर परिषद का चुनाव हुआ है जिसमें चुनाव से लेकर आज नगर पालिका अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनाव हुआ है जिसमें आज अध्यक्ष पद हेतु राजकुमारी कुशवाह ने जीत

**हरिओम परिहार पुष्पांजली टुडे**

**रन्नौद** हासिल की है जोकि निर्विरोध नगर परिषद अध्यक्ष का चुनाव जीता हैऔर उपाध्यक्ष श्री अमित भौहरे ने 11 वोटों से भारतीय जनता पार्टी से जीत हासिल की है और नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमारी कुशवाहा जो निर्विरोध निर्वाचित हुई हैं नगर पालिका रन्नोद में आज नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव बहुत ही जोड़-तोड़ से उपाध्यक्ष चुनाव हुआ है जिसमें लोगों की असीमित संख्या में देखे गए और नगर परिषद रन्नौद में लोगों में बहुत ही खुश नजारा देखने को मिला है जो विधायक जी ने अपने शब्दों में कहा कि भारतीय जनता पार्टी नरेंद्र मोदी जी की सरकार शिवराज सिंह जी की सरकार योजनाओं से प्रभावित होकर सभी लोगों भारतीय जनता पार्टी की जीत हासिल की है

## तीन गिरफ्तारी वारंटी गोहद चौराहा पुलिस की गिरफ्त में

**मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे**

**गोहद,** अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री कमलेश कुमार खरपूसे तथा एसडीओपी महोदय गोहद श्री सौरभ कुमार जी के नेतृत्व में थाना गोहद चौराहा पुलिस द्वारा आज फरार आरोपी 1-रामसेवक पुत्र राम लखन कुशवाह उम्र 36 साल निवासी किरतपुरा हाल निवासी अटेर रोड भिंड 2- नवदीप पुत्र बृजमोहन निवासी बिरखड़ी 3-नाहर सिंह पुत्र कोठारी लाल निवासी माता का पुरा तीनों आरोपियों को आरोपियों के घर से गिरफ्तार किया गया आरोपियों के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए थे ये आरोपी काफी दिनों से फरार चल रहे थे आरोपियों की गिरफ्तारी में निरीक्षक रविंद्र शर्मा थाना प्रभारी गोहद चौराहा, सहायक उपनिरीक्षक अब्दुल शमीम ,कार्यवाहक प्रधान आरक्षक रामनिवास दीक्षित ,आरक्षक तिलक आरक्षक राम कुमार तोमर , महिला आरक्षक माधुरी की मुख्य भूमिका रही ।

## बूँदों की मनुहार के बीच ग्वालियर के लाल टिपारा पार्क में धरती को ओढ़ाई हरीतिमा की चादर

# ग्वालियर-चंबल संभाग का प्रकृति संरक्षण अभियान अन्य जिलों के लिए अनुकरणीय - सीएम

## मुख्यमंत्री श्री चौहान के वर्चुअल मुख्य आतिथ्य में ग्वालियर-चंबल संभाग में 7,738 स्थानों पर पौधरोपण





### मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा राष्ट्र ध्वज के साथ पौध-रोपण सराहनीय पहल

ग्वालियर। बूँदों की मनुहार एवं रिमझिम बारिश की फुहार के बीच जब राष्ट्रध्वज तिरंगा हाथ में लेकर रंग-बिरंगे परिधानों में सजे-धजे विद्यार्थियों ने समाजसेवियों, जनप्रतिनिधिगणों और शासकीय सेवकों के साथ सामूहिक रूप से विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे तो ऐसा लगा मानो धरती ने हरीतिमा की चादर ओढ़ ली है। मौका था मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के वर्चुअल मुख्य आतिथ्य में यहाँ लाल टिपारा गौशाला के समीप स्थित अमृत योजना के विशाल पार्क परिसर में अंकुर अभियान के तहत आयोजित हुए वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का । इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि ग्वालियर एवं चंबल संभाग में जन-भागीदारी के साथ शुरू हुआ प्रकृति-संरक्षण का यह कार्य अनुकरणीय है। राष्ट्रध्वज के साथ पौध-रोपण अत्यंत सराहनीय पहल है। प्रदेश के अन्य संभाग और जिले भी प्रकृति-संरक्षण के इस कार्य का अनुसरण करेंगे। उन्होंने कहा जन-भागीदारी से पौध-रोपण के लिए आरंभ ÷अंकुर अभियान÷ धरती को बचाने का अभियान है।

बुधवार को लाल टिपारा गौशाला के समीप स्थित पार्क में आयोजित हुए इस सामूहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम में विभिन्न प्रजातियों के ढ़ाई हजार से अधिक पौधे एक साथ रोपे गए। संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना की पहल पर बुधवार को आयोजित हुए वृक्षारोपण महाअभियान में ग्वालियर जिला सहित ग्वालियर और चंबल संभाग के 8 जिलों की प्रत्येक पंचायत और नगरीय क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में 75-75 पौधे लगाने का कार्य इस दिन किया गया। ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, दतिया, मुरैना, भिण्ड और श्योपुर जिलों के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अंकुर अभियान के तहत कुल मिलाकर 7 हजार 738 स्थान पर एक साथ बड़े पैमाने पर पौध-रोपण कार्यक्रमों में कुल मिलाकर 2 लाख 73 हजार 656 पौधे रोपे गए। इन कार्यक्रमों में 2 लाख 81 हजार 667 लोगों ने सहभागिता की। दोनों संभागों के सभी जिलों में आयोजित हुए कार्यक्रमों को मुख्यमंत्री श्री चौहान ने वर्चुअल रूप से संबोधित किया।

इस आयोजन में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के साथ भोपाल से किसान-कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल एवं उद्यानिकी व खाद्य प्र-संस्करण राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह भी वर्चुअल रूप से जुड़े। साथ ही ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर सहित प्रदेश सरकार के अन्य मंत्रिगण तथा विधायकगणों सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों ने भी इस कार्यक्रम में सहभागिता की। पर्यावरण मंत्री श्री हरदीप सिंह डंग ने कार्यक्रम से वर्चुअली रूप से जुड़कर स्वागत उदबोधन दिया।

यहाँ लाल टिपारा पार्क में आयोजित हुए वृक्षारोपण महाअभियान में फार्म एवं बीज विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल, संत कृपाल सिंह सहित अन्य धर्मगुरू, जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती मनीषा यादव, संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री डी. श्रीनिवास वर्मा, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी, अपर कलेक्टर श्री इच्छित गढ़पाले व नगर निगम के अपर आयुक्त श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर तथा श्री आशीष प्रताप सिंह राठौर एवं शांति समिति व आपदा प्रबंधन समिति के सदस्यगण, विभिन्न सरकारी एवं निजी स्कूलों की छात्र-छात्राएँ, समाजसेवी व स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक एवं शासकीय सेवकों ने भाग लेकर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे।

### प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए पंचामृत की सौगात को मूर्तरूप दे रहा है यह अभियान

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के संकट समाधान के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ के ग्लासगो सम्मेलन में पंचामृत की सौगात दी थी। ग्वालियर-चंबल संभाग में शुरू हुआ वृक्षारोपण का यह अभियान पंचामृत की अवधारणा को पूरा कर रहा है। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे हमें ऑक्सीजन ही नहीं देते, अपितु एक पेड़ अनेक जीव-जंतुओं के लिए जीवन का स्त्रोत है। प्रदेश में हरियाली अमावस्या 28 जुलाई से 15 अगस्त तक पौध-रोपण महाअभियान चलाया जा रहा है।

# रिलायंस फ्रेश द्वारा गंदगी फैलाने पर वसूला 5 हजार रूपये का जुर्माना



ग्वालियर। निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिदिन क्षेत्र भ्रमण कर साफ साफ की मॉनीटरिंग की जा रही है। जिसके तहत गंदगी मिलने पर संबंधित दुकानदार या गंदगी फेलाने वालों से साफ सफई कराकर जुर्माना वसूल किया जा रहा है।

स्वास्थ्य अधिकारी श्री किशोर चैहान ने बताया कि वार्ड क्रमांक 30 सिटी सेंटर में साफ सफाई व्यस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया कि रिलायंस फ्रेश द्वारा सडक पर गंदगी फैलाई जा रही थी। इस कारण रिलायंस फ्रेश पर 5000 रूपये का जुर्माना लगाकर वसूल किया गया। साथ ही हिदायत दी की सडक पर गंदकी न फैलायें स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। इसके साथ ही शहर में अन्य जगहों पर भी गंदगी फेलाने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई।

# ज्ञानसागर प्रतिभा सम्मान समारोह 13 नबम्बर को ग्वालियर में होगा



ग्वालियर। आचार्य ज्ञानसागर अखिल भारतीय जैन छात्र-छात्राएं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 13 नबंवर को ग्वालियर में होगा । आज हरियाली तीज के अवसर पर परम् पूज्य गुरुमां गणिनी आर्यिका आर्षमति माताजी ससंघ के सान्निध्य में कृष्णा वाटिका मुरार में प्रतिभा सम्मान समारोह 2022-23 के प्रथम पोस्टर का विमोचन मुख्य अतिथि ग्वालियर की महापौर श्रीमती शोभा सतीश सिकरवार, विशिष्ट अतिथि पार्षद लक्ष्मी गुर्जर, वर्षायोग संयोजक अशोक जैन नायक (ऐसाह वाले), अभिषेक जैन टीटू, विजय जैन गहना ज्वैलर्स, मोहित जैन नन्दू द्वारा किया गया ।

ज्ञानार्ष भक्त परिवार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी परम पूज्य गुरुदेव सराकोद्धारक समाधिस्थ षष्ट पट्टाचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज की प्रेरणा एवं सप्तम पट्टाचार्य श्री ज्ञेयसागर जी महाराज के आशीर्वाद से गुरुमां गणिनी आर्यिका आर्षमति माताजी के निर्देशन में ÷आचार्य ज्ञानसागर अखिल भारतीय प्रतिभा सम्मान समारोह 2022-23÷ का आयोजन 13 नबम्बर को ग्वालियर नगर में होने जा रहा है ।

प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्पूर्ण भारतवर्ष के सभी जैन सम्प्रदायों के प्रतिभाशाली जैन छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा । इस वर्ष जिन जैन छात्र-छात्राओं ने कक्षा 10 या कक्षा 12 में 90 त्न या इससे अधिक अंक प्राप्त किये है अथवा यूपीएससी, सीए, आईआईटी, क्लेट, नीट अथवा किसी भी उच्च प्रसाशनिक सेवा में चयन हुआ हो अथवा किसी विशेष क्षेत्र में पुरस्कार/सम्मान प्राप्त किया हो, वे सभी प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं निर्धारित समय में निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं ।

समारोह में सम्मिलित होने वाले सभी चयनित छात्रों को एवं उनके साथ आने वाले एक अभिभावक को आने जाने का मार्गव्यय, आवास एवं भोजन की सुविधा प्रदान की जाती है ।

# एल.आई.सी. द्वारा नगर निगम सीमांतर्गत दीवारों पर वॉल पेंटिग के माध्यम से किये जा रहे प्रचार प्रसार को हटाने के लिये दिया नोटिस




ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर की विज्ञापन शाखा द्वारा मुख्य प्रबंधक जोनल ऑफिस एलआईसी सिटी सेंटर ग्वालियर को नोटिस जारी कर आदेशित किया है, कि अवैध रूप से नगर निगम ग्वालियर सीमा के अंतर्गत दीवार पर वॉल पेंटिंग एवं स्टैउक्कर के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। उसको तुरंत हटाने की कार्यवाही करें अन्यथा आपके खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।

सहायक नोडल अधिकारी विज्ञापन शाखा श्री संदीप शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल एवं अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता, उपायुक्त श्री सुनील चैहान एवं नोडल अधिकारी श्री केशव चैहान निर्देशन में राजस्व वसूली के लिये निरंतर अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। इसी के तहत मुख्य प्रबंधक जोनल ऑफिस एलआईसी सिटी सेंटर ग्वालियर द्वारा अवैध रूप से नगर निगम सीमांतर्गत दीवारों पर बॉल पेंटिंग एवं स्टैउक्कर के माध्यम से विज्ञापन किया जा रहा है। आपका कृत्य केन्द्रीय शहरी विकास मंत्रालय के दिशा निर्देशों के अंतर्गत स्वच्छ भारत अभियान की योजना के तहत, सम्पत्ति विरूपण अधिनियम में विर्णत प्रावधान एवं अनाधिकृत, अवैध संस्थापित मीडिया की श्रेणी में आकर मध्य प्रदेश आउट डोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 के नियम 22 के अंतर्गत अपराध कारित करने की श्रेणी में आता है।

मुख्य प्रबंधक जोनल ऑफिस एलआईसी सिटी सेंटर ग्वालियर को जारी नोटिस जारी कर ग्वालियर नगर निगम सीमांतर्गत शासकीय, अशासकीय दीवारों पर आपके द्वारा कराई गई वॉल पेंटिंग को तत्काल हटाकर इस कार्यालय को 3 दिवस में सूचित करें। अन्यथा आपके विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर जुर्माना अधिरोति किया जाएगा।

# वर्षा जल सहेजने के लिए विकासखण्ड स्तर तक मास्टर प्लान बनाएँ - श्री गोयल

### जल शक्ति अभियान के निदेशक ने बैठक लेकर की ग्वालियर जिले में अभियान के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा

ग्वालियर। वर्षा जल सजेहने एवं पानी के रीचार्ज के लिए विकासखण्ड स्तर तक मास्टर प्लान बनाएँ। मास्टर प्लान के अनुसार पुरानी जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार के साथ-साथ नई संरचनाओं का निर्माण कर और बेहतर प्रबंधन कर हम जल संकट से बच सकते हैं। यह बात भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे जल शक्ति अभियान के निदेशक श्री गिरिराज गोयल ने ग्वालियर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल शक्ति अभियान के तहत कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान कही।



बुधवार को यहाँ जिला पंचायत के सभागार में आयोजित हुई बैठक में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी, दिल्ली से आए जल शक्ति अभियान के वरिष्ठ अधिकारी श्री संतोष कुमार, अधीक्षण यंत्री पीएचई नगर निगम श्री आर एल एस मौर्य तथा कार्यपालन यंत्री पीएचई ग्रामीण क्षेत्र सहित कृषि, मत्स्य, वन एवं जिला पंचायत सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। निदेशक जल शक्ति अभियान श्री गोयल ने कहा कि अध्ययन बताते हैं कि हम मात्र 8 प्रतिशत वर्षा जल का ही उपयोग कर पाते हैं। वर्षा का शेष पानी बहकर चला जाता है। इस पानी को रोककर हम सिंचाई व निस्तार संबंधी सभी जरूरतें पूरी कर सकते हैं। वर्षा जल रोकने के साथ-साथ जल प्रबंधन विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं। वर्षा जल रोकने के लिये तालाबों का निर्माण, वनीकरण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग व जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन की छोटी-छोटी संरचनायें अत्यंत कारगर भूमिका निभाती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जिले के नगरीय निकायों में प्रथम सम्मेलन की तिथियाँ निर्धारित

**पीठासीन अधिकारी भी नियुक्त किए गए**

ग्वालियर। जिले के नगरीय निकायों में नवनिर्वाचित पार्षदों के प्रथम सम्मेलन एवं अध्यक्ष व उपाध्यक्ष की निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने निकायवार पीठासीन अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। राज्य शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा जारी किए गए निर्देशों के अनुसार नव निर्वाचित पार्षदों के प्रथम सम्मेलन की तिथियाँ भी निर्धारित कर दी गई हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर परिषद भितरवार का प्रथम सम्मेलन 10 अगस्त को आयोजित होगा। इस सम्मेलन के लिये अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री अश्विनी रावत को पीठासीन अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह नगर परिषद आंतरी के लिये तहसीलदार बहोड़ापुर श्री शिवदयाल धाकड़ व मोहना के लिये तहसीलदार घाटीगांव श्री नवनीत शर्मा को पीठासीन अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। इन दोनों नगर परिषदों में 10 अगस्त को प्रथम सम्मेलन व अध्यक्ष व उपाध्यक्षों का निर्वाचन होगा। इसी तरह 13 अगस्त को नगर परिषद पिछोर व बिलौआ में आयोजित होने वाले प्रथम सम्मेलन के लिये क्रमशः अपर तहसीलदार डबरा श्री यशवीर सिंह तोमर व तहसीलदार सिटी सेंटर श्री रामनिवास सिकरवार को पीठासीन अधिकारी की जवाबदेही सौंपी गई है।

### मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना की पात्रता शर्तों में संशोधन


ग्वालियर। युवाओं को स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना संचालित है। इस योजना की पात्रता की शर्तों में बदलाव किया गया है। नए बदलाव के तहत हितग्राही की आयु सीमा व शैक्षणिक योग्यता में बदलाव किया गया है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार युवा सिटी सेंटर स्थित जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में संपर्क कर सकते हैं। आवेदन पत्र वेबसाइट https://samast.mponline.gov.in के माध्यम से भी भरे जा सकते हैं। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना की पात्रता में संशोधन के बाद अब हितग्राही की आयु सीमा 18 से 45 वर्ष कर दी गई है। पहले यह आयु सीमा 18 से 40 वर्ष निर्धारित थी। इसी तरह शैक्षणिक योग्यता 12वीं कक्षा उत्तीर्ण के स्थान पर 8वीं कक्षा उत्तीर्ण कर दी गई है। इस योजना के तहत बैंक ऋण एवं अनुदान के माध्यम से शिक्षित बेरोजगार युवा सेवा व्यवसाय एवं स्वयं का उद्योग स्थापित कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिये जिला उद्योग केन्द्र के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### सांसद शेजवलकर ने लोकसभा में डीबीटी प्रणाली पर रखा अपना व्यक्तव्य

**डीबीटी की सफलता के लिए जन धन खाते साबित हुए अतिमहत्वपूर्ण**

ग्वालियर। सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने बुधवार को लोकसभा में नियम 377 के अधीन सूचना के तहत डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) प्रणाली के संबंध में प्रस्तुत अपने व्यक्तव्य में उल्लेख किया कि जिन पात्र हितग्राहियों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था वे सभी डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) प्रणाली के माध्यम से लाभान्वित हो रहे है। डीबीटी की सफलता के लिए जन धन खाते अतिमहत्वपूर्ण साबित हुए। इसके साथ ही आधार को बैंक खाते के साथ जोड़ने पर सरकार ने बहुत ध्यान दिया, जिससे डीबीटी प्रणाली को लागू करने में मदद मिली। वर्तमान में 15 से अधिक मंत्रालयों की योजनाएं डीबीटी के अंतर्गत आती हैं। परन्तु आज भी अनेकों हितग्राही अपने अधिकारों से वंचित है। देखने में आ रहा है कि मानवीय त्रुटि के चलते सही जानकारी दर्ज न होने से पात्र हितग्राही परेशान व लाभ से वंचित है। वितरण श्रृंखला पूरी तरह डिजिटल नहीं है, श्रृंखला में मानवीय हस्तक्षेप सभी समस्याओं की जड है यह चिंता की बात है। डीबीटी को और अधिक सशक्त एवं सुचारू तरीके से क्रियान्वयन करने के लिए इसका पूरी तरह से डिजिटिलाइजेशन होना अति आवश्यक है। सांसद शेजवलकर ने अपने व्यक्तव्य के माध्यम से सरकार से मांग की एक तंत्र स्थापित किया जाए कि शिकायतों का निराकरण जल्द से जल्द हो जाए। सरकार पूरी डिलीवरी चैन के एंड टू एंड डिलीवरी सिस्टम को पूरी तरह डिजिलिटीकरण व तत्काल त्रुटि सुधार करने हेतु कोई ठोस योजना बनाने पर विचार करना चाहिए।

### जीवन मे पंच सूत्र श्रध्दा, सहन, विचार, कर्म एवं चारित्रशील जरूरीः मुनिश्री



ग्वालियर। जैन धर्म के 23 वें तीर्थकर भगवान पार्श्वनाथ भगवान मोक्ष कल्याणक 04 अगस्त को साधनमय बर्षयोग समिति, सहयोगी संस्था पुलक मंच परिवार ग्वालियर एवम मुख्य संयोजक मनोज जैन जैन कॉलेज के तत्वावधान श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज के सानिध्य पालकी शोभायात्र, अभिषेक शांतिधारा व निर्वाण कांड पाठ वचन कर लड्डू चढ़ाने के साथ मनाया जाएगा। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन आदर्श कलम ने बताया कि मुनिश्री विनय सागर महाराज के सानिध्य में प्रातः 6 ~ 30 बजे माधवगंज स्थित चितेरा ओली दिगंबर जैन मंदिर से गाजेबाजे के साथ भगवान पार्श्वनाथ पालकी शोभायात्रा निकाली जाएंगी। यह शोभायात्रा जैन मंदिर से शुरू होकर चातुर्मास स्थल पहुँचेगी। शोभायात्रा में महिलाएं केशरियाँ साड़ी व पुरुष व्हाइट वस्त्रों मर सम्मिलित होंगे। चातुर्मास स्थल अशियाना भवन पर जैन समाज का सबसे बड़ा जैन तीर्थ सम्मेद शिखर पहाड़ की विशेष रचना कर 20 तीर्थंकरों के दर्शनों के साथ मुनिश्री के सानिध्य में अभिषेक, शांतिधारा के साथ निर्वाण लड्डू धूमधाम के साथ चढ़ाया जायेगा।

**भक्तामर विधान में किया अभिषेक भगवान जिनेंद्र, श्रद्धा के साथ चढ़ाये महाअर्घ्य**

भक्तामर विधान में श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने मंत्र का उच्चारण कर प्रथम कलश ज्योतिचार्य डॉ हुकुमचंद जैन के साथ इंद्रो ने भगवान आदिनाथ का अभिषेक जयघोष के साथ किए। मुनिश्री ने मंत्रो का उच्चारण कर शांतिधारा राजेश जैन लाला परिवार ने की। वही विधानचार्य विजय कुमार जैन व ज्योतिचार्य हुकुमचंद जैन ने भक्तामर के 48 ऋद्धि सिद्धि महाकाव्यों मंत्रों के उच्चारण के साथ विधान कर्ता भरत जैन परिवार सहित अन्य श्रद्धालुओं ने अष्ट्रद्रव्य से पूजन कर भजन सम्राट शुभम जैन सैमी के भक्तिमय स्वरों के साथ भगवान आदिनाथ के समक्ष भक्तामर मढ़ने पर श्राद्ध भक्ति से साथ समर्पित करें। मुनिश्री विनय सागर महाराज ने भक्तामर विधान में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि व्यक्ति के जीवन निर्माण में पांच सूत्र होना जरूरी।व्यक्ति श्रद्धाशील, सहनशील, विचारशील, कर्मशील, और पांचवा सूत्र चारित्र शील बने। श्रद्धा जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। राजनीतिक, पारिवारिक, सामाजिक, आध्यात्मिक क्षेत्र में आत्मविश्वास की आवश्यकता होती है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णीपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478